रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)-73

REGISTERED No. D(D)-73

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 38] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 19, 1981/भाद्र 28, 1903

No. 38] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 19, 1981/BHADRA 28 190

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)

विधि, न्याय और कंम्पनी कार्य मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

सूचना

नई दिल्ली, 6 अगस्त, 1981

का०आ० 2427.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री देवी सरन चोपड़ा, एडवोकेट, टू रोजीज, पाली रोड, बान्द्रा, मुम्बई-400050 ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे महाराष्ट्र राज्य के बान्द्रा, बम्बई में व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्त किया जाए।

2. उक्त व्यक्ति का नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए।

[संख्या 5(40)/81-न्या०]

के०सी०डी० गंगवानी, सक्षम प्राधिकारी

MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS

(Department of Legal Affairs)

NOTICE

New Delhi, the 7th August, 1981

S.O. 2427.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri Devi Saran Chopra, Advocate Two Roses, Pali Road, Bandra, Bombay-400050 for appointment as a Notary to practise in State of Maharashtra at Bandra, Bombay.

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(40)/81-Judl.]

K. C. D. GANGWANI, Competent Authority

गृह मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 18 फरवरी, 1981

का०आ० 2428.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 148 के खण्ड (5) के साथ पठित अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग में सेवा करने वाले व्यक्तियों के संबंध में नियंत्रण-महालेखा परीक्षक से परामर्श करने के पश्चात् केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय सिविल सेवा पेंशन (दूसरा संशोधन) नियम, 1981 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 54 में

(1) उपनियम (13) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(13क) ऐसा कोई सैनिक पेंशन भोगी, जो सैनिक सेवा से निवृत्ति पर, निवृत्ति पेंशन, सेवा पेंशन या आशक्त पेंशन पर सामान्य कुटुम्ब पेंशन मंजूर किए जाने के लिए सेना अनुदेश

2/एस/64 द्वारा या तत्संबंधी नौसेना या वायुसेना अनुदेशों द्वारा शासित होता है और अधिवर्षिता की आयु प्राप्त होने के पूर्व किसी सिविल सेवा या सिविल पद में पुनर्नियोजित हो जाता है, वह इस नियम के अधीन अनुज्ञेय कुटुम्ब पेंशन या पूर्वोक्त सेना/नौसेना/वायुसेना अनुदेश के अधीन पहले से प्राधिकृत कुटुम्ब पेंशन की पात्रता के प्रयोजन के लिए निम्नानुसार शासित होगा :--

(i) यदि वह पुनर्नियोजन के अनुक्रम में किसी अस्थायी हैसियत में सिविल पद धारण करते हुए मर जाता है तो उसके कुटुम्ब को इस नियम के अधीन अनुज्ञेय कुटुम्ब पेंशन या इस नियम के अधीन अनुज्ञेय कुटुम्ब पेंशन या सैनिक सेवा से उनकी निवृत्ति या उन्मुक्ति के समय सेना अनुदेश 2/एस/64 या तत्संबंधी नौसेना या वायुसेना अनुदेश के अधीन प्राधिकृत कुटुम्ब पेंशन के लिए विकल्प बताने के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा,

(ii) यदि वह किसी सिविल सेवा या सिविल पद से किसी अधिष्ठायी हैसियत में स्थायी पद धारण किए बिना निवृत्त हो जाता है तो उसका कुटुम्ब, सेवा निवृत्ति के पश्चात् उसकी मृत्यु की दशा में, सेना अनुदेश 2/एस/64, या तत्संबंधी नौसेना या वायुसेना अनुदेश के अधीन प्राधिकृत कुटुम्ब पेंशन के लिए पात्र होगा,

(iii) यदि अपने पुनः नियोजन के अनुक्रम में किसी सिविल सेवा में या सिविल पद पर पुष्टि पर उसने इन नियमों के नियम 19 के उपनियम (1) के खण्ड (क) के अनुसार पूर्व सैनिक सेवा के लिए सेना पेंशन प्रतिधारित करने का विकल्प प्रकट किया है तो वह इस नियम के अधीन अनुज्ञेय कुटुम्ब पेंशन या सेना अनुदेश 2/एस/64 अथवा तत्संबंधी नौसेना या वायुसेना अनुदेश के अधीन पहले से प्राधिकृत कुटुम्ब पेंशन प्राप्त करने के लिए एक अन्य विकल्प का प्रयोग करेगा। विकल्प का प्रयोग सिविल सेवा या सिविल पद पर अधिष्ठायी नियुक्ति का आदेश जारी होने की तारीख से 3 मास की अवधि के भीतर अथवा यदि वह उस दिन छुट्टी पर है तो उसके छुट्टी से वापस आने की तारीख के तीन मास के भीतर इसमें जो भी पश्चात्वर्ती हो, किया जाएगा। यदि पूर्वोक्त अवधि के भीतर किसी विकल्प का प्रयोग नहीं किया जाता है तो यह समझा जाएगा कि पेंशन भोगी ने सेना अनुदेश 2/एस/64 या तत्संबंधी नौसेना या वायुसेना अनुदेश के अधीन प्राधिकृत कुटुम्ब पेंशन के लिए विकल्प का प्रयोग किया है।

(iv) यदि पुनः नियोजन के उपक्रम में सिविल सेवा में या सिविल पद पर पुष्टि हो जाने पर उसने इन नियमों के नियम 19 के उपनियम (1) के खण्ड (ख) के अनुसार सेना पेंशन के अभ्यर्पित करने और उसके बदले में सिविल पेंशन के लिए सैनिक सेवा की गणना किए जाने का विकल्प प्रकट किया है तो वह इस नियम के अधीन अनुज्ञेय कुटुम्ब पेंशन द्वारा शासित होगा;

(2) उप नियम (15) के खण्ड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रखा जाएगा, अर्थात्:--

"(ख) ऐसा सैनिक पेंशनभोगी जो पहली जनवरी, 1964 को या उसके पश्चात् सैनिक सेवा से निवृत्त हो गया है और जिसने सिविल सेवा में या सिविल पद पर पुनर्नियोजन की तारीख को वह अधिवर्षिता की आयु जो इस पद को लागू है। जिसमें उसे पुनर्नियोजित किया गया है, प्राप्त कर ली थी;

(3) उप नियम (16) का लोप किया जाएगा।

[सं० 1(13) पेंशन(ए)/80]
एस० पी० मदान, निदेशक

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Department of Personnel & Administrative Reforms)

New Delhi, the 18th February, 1981

S.O. 2428.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 read with clause (5) of article 148 of the Constitution and after consultation with the Comptroller and Auditor-General in relation to persons serving in the Indian Audit and Accounts Department, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972, namely:—

(2) They shall come into force on the date of their pubvices (Pension) (Second Amendment) Rules, 1981.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In rule 54 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972 :—

(1) after sub-rule (13), the following sub-rule shall be inserted, namely :—

"(13A) A military pensioner, who on retirement from military service, on retiring pension, service pension or invalid pension is governed for the grant of ordinary family pension by Army Instruction 2|S|64 or corresponding Navy or Air Force Instructions and is re-employed in a civil service or civil post before attaining the age of superannuation, shall for the purpose of eligibility for the family pension admissible under this rule or the family pension already authorised under the aforesaid Army|Navy||Air Force Instruction, be governed as follows :—

(i) if he dies while holding a civil post in a temporary capacity in the course of re-employment, his family may be allowed to opt for the family pension admissible under this rule or the family pension authorised at the time of his retirement or discharge from the military service under Army Instruction 2|S|64 or the corresponding Navy or Air Force Instruction.

(ii) if he retires from civil service of civil post without holding a permanent post in a substantive capacity, his family in the event of his death after retirement shall be eligible for family pension authorised under Army Instruction 2|S|64 or corresponding Navy or Air Force Instruction.

(iii) if on confirmation in a civil service or a civil post in the course of his reemployment, he has opted to retain military pension for the past military service in terms of clause (a) of sub-rule (1) or rule 19 of these rules, he shall exercise another option to receive family pension admissible under this rule or the family pension already authorised under Army Instruction No. 2|S|64 or the corresponding Navy or Air Force Instruction. The option shall be exercised within a period of three months of the date of the issue of orders of substantive appointment to a civil service or civil post or if he is on leave on that day, within three months of his return from leave, whichever is later. If no option is exercised within the period aforesaid, the pensioner shall be deemed to have opted for family pension authorised under Army Instruction No. 2|S|64 or the corresponding Navy or Air Force Instruction, and

(iv) if on confirmation in a civil service or civil post in the course of re-employment he, in terms of clause (b) of sub-rule (1) of rule 19 of these rules, has opted to surrender military pension and count in lieu thereof military service for civil pension, he shall be governed by family pension admissible under this rule.";

(2) for clause (b) of sub-rule (15), the following clause shall be substituted, namely :—

"(b) a military pensioner who retired from military service on or after tht 1st January, 1964 and who on the date of re-employment in a civil service or civil post had attained the age of superannuation applicable to the post in which he is re-employed";

(3) sub-rule (16) shall be omitted.

[No. 1(13)Pen(A)|80]

S. P. MADAN, Director

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर, 1980

अधिसूचना

आय-कर

का०आ० 2429.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि अधिसूचना सं० 604 (फा०सं० 203/26/74-आई टी ए II), तारीख 30 अप्रैल, 1974 द्वारा भारतीय पोषण सोसाइटी, हैदराबाद को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35(i)(ii) के अधीन दिया गया अनुमोदन, विहित प्राधिकारी, अर्थात् भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली की सिफारिश पर तारीख 1-4-80 से वापस ले लिया गया है।

[सं० 3770/फा०सं० 203/230/80-आई टी ए II]

MINISTRY OF FINANCE
(Department of Revenue)

New Delhi, the 26th December, 1980

INCOME-TAX

S.O. 2429.—It is hereby notified for general information that the approval given under Section 35 (1)(ii) of the Income-tax Act, 1961 to Nutrition Society of India, Hyderabad, vide Notification No. 604 (F.No. 203|26|74-ITA.II) dated the 30th April, 1974, is withdrawn with effect from 1-4-1980 on the recommendation of the prescribed authority, the Indian Council of Medical Research, New Delhi.

[No. 3770|F. No. 203|280|80-ITA.II)]

नई दिल्ली, 30 अप्रैल, 1981

का०आ० 2430.—अधिसूचना सं० 3471 (फा०सं० 203/99/75-आई०टी०ए० II), तारीख 15 जून, 1980 के अनुक्रम में सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित संस्था को, विहित प्राधिकारी भारतीय कृषि अर्थशास्त्र परिषद्, द्वारा आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (i) के खण्ड (ii) के प्रयोजन के लिए अनुमोदित किया गया है।

संस्था

इण्डियन सोसायटी आफ एग्रिकल्चरल एकोनोमिक्स, बाम्बे। यह अधिसूचना 1 अप्रैल, 1979 से 31 मार्च, 1982 की तीन वर्ष की और अवधि के लिए प्रभावी है।

[सं० 3944/फा०सं० 203/204/80-आई टी ए (II)]

New Delhi, the 30th April, 1981

S.O. 2430.—In continuation of Notification No. 3471 (F. No. 203|99|75-ITA(II) dated 15th June, 1980, it is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Indian Council of Agricultural Research, the prescribed authority for the purpose of clause (ii) of sub-section (i) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961.

INSTITUTION

Indian Society of Agricultural Economics, Bombay

The notification is effective for a further period of 3 years from 1st April, 1979 to 31st March, 1982.

[No. 3944|F. No. 203|204|80-ITA(II)]

नई दिल्ली, 12 मई, 1981

आय-कर

का०आ० 2431.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी अर्थात् भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने निम्नलिखित संस्था को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (iii) के प्रयोजनों के लिए निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है :

(i) भारतीय अर्थशास्त्र संस्थान, हैदराबाद द्वारा इस छूट के अधीन संगृहीत निधियों का उपयोग अनन्यतः समाज विज्ञान के अनुसंधान की उन्नति के लिए ही किया जाएगा।

(ii) भारतीय अर्थशास्त्र संस्थान, इस छूट के अधीन संग्रह की गई निधियों का पृथक लेखा रखेगा, और

(3) यह कि भारतीय अर्थशास्त्र संस्थान छूट के अधीन संगृहीत की गई निधियों का और वह रीति जिसमें उनका उपयोग किया गया है दर्शित करते हुए एक वार्षिक रिपोर्ट और लेखाओं का विवरण भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद् और साथ ही साथ सम्बद्ध आयकर आयुक्त को भेजेगा।

संस्था

भारतीय अर्थशास्त्र संस्थान, हैदराबाद।

यह अधिसूचना 1-12-1980 से 30-11-1983 तक 3 वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी है।

[सं० 3930/फा०सं० 203/252/80-आई टी ए II]

New Delhi, the 12th May, 1981

INCOME TAX

S.O. 2431.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Indian Council of Social Science Research the prescribed authority for the purposes of clause (iii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961, subject to the following conditions :

(i) The funds collected by the Indian Institute of Economics, Hyderabad under this exemption shall be utilised, exclusively for promotion of research of Social Science.

(ii) That the Indian Institute of Economics, shall maintain separate accounts of the funds collected by them under the exemption, and accounts of the funds collected by them under the exemption, and

(iii) That the Indian Institute of Economics shall send an annual report and Statement of accounts regularly to the Indian Council of Social Science Research as well as to the concerned Commissioner of Income-tax showing the funds collected under this exemption and the manner in which these funds are utilised.

INSTITUTION

The Indian Institute of Economics, Hyderabad.

This notfication is effective for a period of three years from 1-12-1980 to 30-11-1983.

[No. 3930|F. No. 203|252|80-ITA.II]

नई दिल्ली, 3 जून, 1981

का० आ० 2432.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को आय-कर नियम, 1962 के नियम 6(ii) के साथ पठित, आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिए चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में "वैज्ञानिक अनुसंधान संगम" प्रवर्ग के अधीन, निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है, अर्थात:—

(i) यह कि प्रतिष्ठान चिकित्सा अनुसंधान के लिए प्राप्त राशियों का पृथक लेखा रखेगा।

(ii) यह कि उक्त प्रतिष्ठान प्रत्येक वर्ष के लिए अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की वार्षिक विवरणी परिषद को प्रति वर्ष 31 मई तक ऐसे प्ररूपों में प्रस्तुत करेगा जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किए जाए और उसे सूचित किए जाए।

(iii) यह कि उक्त प्रतिष्ठान प्रत्येक वर्ष के लिए लेखाओं का वार्षिक संपरीक्षित विवरण परिषद को प्रति वर्ष 31 मई तक भेजेगा और इसके अतिरिक्त इसकी एक प्रति सम्बद्ध आय-कर आयुक्त को भेजेगा।

संस्था

लोकमान्य चिकित्सा प्रतिष्ठान (अनुसंधान केन्द्र) पुणे

यह अधिसूचना 21-2-81 से 20-2-83 तक दो वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी है।

[सं० 4005/फा०सं० 203/51/81-आई टी ए II]

New Delhi, the 3rd June, 1981

S.O. 2432.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Indian Council of Medical Research, New Delhi, the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961 read with Rule 6 (ii) of the Income-tax Rules, 1962 under the category of "Scientific research association" in the field of Medical Research subject to the following conditions —

(i) That the Foundation will maintain a separate account of the sums received by it for medical research.

(ii) That the Foundation will furnish annual returns of its scientific research activities to the Council by 31st May each year at the latest in such form as may be laid down and intimated to them for this purpose.

(iii) That the Foundation will furnish an annual audited statement of accounts to the Council by 31st May each year and in addition send a copy of it to the concerned Income-tax Commissioner.

INSTITUTION

Lokmanya Medical Foundation Researrh Centre, Pune.

The notification is effective for a period of 2 years from 21-2-1981 to 20-2-1983.

[No. 4005|F. No. 203|51|81-ITA.II]

का०आ० 2433.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी अर्थात सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को आय कर नियम, 1962 के नियम 6(iv) के साथ पठित, आय-कर अधिनियम 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिए अन्य प्राकृतिक और अनुप्रयुक्त विज्ञान के क्षेत्र में "विश्वविद्यालय" प्रवर्ग के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है, अर्थात्:—

(i) यह कि गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर प्राकृतिक या अनुप्रयुक्त (कृषि/पशुपालन/मात्स्यकी और औषधि से भिन्न) विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए प्राप्त राशियों का पृथक लेखा रखेगा।

(ii) उक्त विश्वविद्यालय प्रत्येक वर्ष के लिए अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की वार्षिक विवरणी विहित प्राधिकारी को प्रति वर्ष 30 अप्रैल तक ऐसे प्ररूपों में प्रस्तुत करेगा जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किए जाएं और उसे सूचित किए जाएं।

(iii) उक्त विश्वविद्यालय प्रत्येक वर्ष के लिए वार्षिक विवरण और लेखाओं का वार्षिक विवरण आय-कर आयुक्त को भेजेगा।

संस्था

गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

यह अधिसूचना 6-1-1981 से 5-1-1984 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी है।

[सं० 4006/फा०सं० 203/4/81-आई टी ए II]

S.O. 2433.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Secretary, Department of Science and Technology, New Delhi the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961, read with Rules 6(vi) of the Income-tax Rules, 1962 under the category "University" in the areas of other natural and applied science, subject to the following conditions :—

(i) That the University of Gorakhpur, Gorakhpur, will maintain a separate account of sum received by it for scientific research in the field of natural and applied sciences other than agriculture/animal husbandry/fisheries and medicines ;

(ii) That the said University will furnish Annual Return of its scientific research activities to the Presscribed Authority for every financial year in such forms as may be laid down and intimated to them for this purpose by 30th April, each year.

(iii) That the said University will submit the Annual Return and Statement of Accounts to the Commissioner of Income-tax, for every year.

INSTITUTION

University of Gorakhpur, Gorakhpur

This notification is effective for a period of 3 years from 6-1-1981 to 5-1-1984.

[No. 4006|F. No. 203|4|81-ITA.II]

का०आ० 2434—सर्वसाधारणकी जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी अर्थात सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को आय-कर नियम, 1962 के नियम 6(vi) के साथ पठित, आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (i) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिए अन्य प्राकृतिक और अनुप्रयुक्त विज्ञान के क्षेत्रों में "संस्था" प्रवर्ग के अधीन, निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है, अर्थात्:—

(i) यह कि संगीत महाभारती, मुम्बई (कृषि/पशुपालन/मात्स्यकी और औषधि से भिन्न अन्य प्राकृतिक या अनुप्रयुक्त विज्ञान के क्षेत्र में) वैज्ञानिक अनुसंधान और विशेष रूप से इस अनुमोदन की बाबत प्राप्त राशियों का पृथक लेखा रखेगी।

(ii) अनुमोदन के तीन वर्षों के दौरान लगभग 6 लाख रुपए (छह लाख रुपए) की राशियां संगृहीत करेगी और उसे विभाग को प्रस्तुत की गई पांच परियोजनाओं के अर्थात् :—

(1) जवारी-प्रसंस्करण तकनीक, (2) तबला : स्याही लगाने की तकनीक और उल्टी तरफ लगाने की तकनीक (3) वाद्य-यंत्रों के लिए संशोधन प्रक्रिया (4) वाद्य यंत्रों को सुखाने के लिए पद्धति तैयार करना और (5) इलैक्ट्रानिक्स मात्रामापी, के क्रियान्वयन के लिए उपस्कर और सहयुक्त कर्मचारीवृन्द के वेतन पर खर्च करेगी। संगृहीत की रकम भवन निर्माण पर खर्च नहीं की जाएगी।

(iii) यह कि उक्त महाभारतीय प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की वार्षिक विवरणी परिषद को प्रति वर्ष 30 अप्रैल तक ऐसे प्ररूपों में प्रस्तुत करेगी जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किए जाएं और उसे सूचित किए जाएं ।

(iv) यह कि उक्त महाभारतीय प्रत्येक वर्ष के लिए वार्षिक विवरणी और लेखाओं का विवरण आय-कर आयुक्त को भेजेगी।

संस्था

संगीत, महाभारती, मुम्बई

यह अधिसूचना 8-3-1981 से 7-3-1984 तक 3 वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी है।

[सं० 4007(फा०सं० 203/69/79-आई टी ए II]

S.O. 2434.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Secretary, Department of Science & Technology, New Delhi the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961, read with Rule 6 (vi) of the Income-tax Rules, 1962 under the category "Institution" in the areas of other natural and applied science, subject to the following conditions:—

(i) That the Sangit Mahabharati, Bombay will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research in the field of natural and applied sciences other than agriculture|animal husbandry/fisheries and medicines and specially in regard to this approval:

(ii) Collect sums approximately Rs. 6 lakhs (Rupees six lakhs) during the three years of approval and will spend the same on equipment and associated staff salaries for carrying out five projects submitted to the Department viz. : (1) Jawari-Processing Technique, (2) Tabla : Syahi application technique & reverse application technique (3) Seasoning process for Instruments (4) Evdoing method for Dehydrating of music instruments and (5) Electronics Metronome. The sums collected will not be spent on construction of building :

(iii) That the said Mahabharati will furnish Annual Return of its scientific research activities to the rescribed Authority for every financial year in such forms as may be laid down and intimated to them for this purpose by 30th April, each year.

(iv) That the said Mahabharati will submit the annual return and Statement of Accounts to the Commissioner of Income-tax for every year.

INSTITUTION

Sangit Mahabharati, Bombay.

The notification is effective for a period of 3 years from 8-3-1981 to 7-3-1984.

[No. 4007|F. No. 203|69|79-ITA.II]

नई दिल्ली, 9 जून, 1981

का०आ० 2435.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात् सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को आय-कर नियम, 1962 के नियम 6(vi) के साथ पठित, आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (i) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिए अन्य प्राकृतिक और अनुप्रयुक्त विज्ञान के क्षेत्र में "महाविद्यालय" प्रवर्ग के अधीन, निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है, अर्थात् :—

(i) यह कि श्रीमती पार्वती बाई चौगुले सांस्कृतिक प्रतिष्ठान का कला और विज्ञान महाविद्यालय, मार्गाओ (गोवा) प्राकृतिक या अनुप्रयुक्त (कृषि/पशुपालन/मात्स्यकी और औषधि से भिन्न) विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए प्राप्त राशियों का पृथक लेखा रखेगा।

(ii) यह कि उक्त महाविद्यालय प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की वार्षिक विवरणी परिषद को प्रति वर्ष 30 अप्रैल तक ऐसे प्ररूपों में प्रस्तुत करेगा जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किए जाएं और उसे सूचित किए जाएं।

(iii) यह कि उक्त महाविद्यालय प्रत्येक वर्ष के लिए वार्षिक विवरणी और लेखाओं का विवरण आय-कर आयुक्त को भेजेगा।

संस्था

श्रीमती पार्वती बाई चौगुले सांस्कृतिक प्रतिष्ठान का कला और विज्ञान महाविद्यालय, मार्गाओ (गोवा)

यह अधिसूचना 10-5-81 से 9-5-1984 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी है।

[सं० 4019/फा०सं० 203/263/80-आई टी ए-II]

New Delhi, the 9th June, 1981

S.O. 2435.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Secretary, Department of Science and Technology, New Delhi, he prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961; read with Rule 6(vi) of the Income-tax Rules, 1962 under the categoryy 'Collegc' in the area of other natural or applied sciences, subject to the following conditions :—

1. That the Smt. Parvatibai Chowgule Cultural Foundations's College of Arts & Science Margao (Goa), will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research in the field of natural or applied sciences (other than agricultural animal husbandary/fisherics and medicines.

2. That the said College will furnish the annual return of its scientific research activities to the prescribed authority for every financial year in such forms as may be laid down and intimated to them for this purpose by 30th April, each year.

3. That the said College will submit the annual return and statement of accounts to the Commissioner of Income-tax, every year.

INSTITUTION

Smt. Parvatibai Chowgule Cultural Foundationsn's College of Arts & Scienee Margao (Goa)

This notification is effective for a period of three years from 10-5-81 to 9-5-1984.

[No. 4019|F. No. 203|263|80-ITA.II]

नई दिल्ली, 10 जून, 1981

का० आ० 2436.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात्, सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को आय-कर नियम,

1962 के नियम 6(iv) के साथ पठित, आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिए अन्य प्राकृतिक या अनुप्रयुक्त विज्ञान के क्षेत्र में 'संगम' प्रवर्ग के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है, अर्थात् :—

1. यह कि फाई अनुसन्धान संस्थान, इचलकरंजी प्राकृतिक या अनुप्रयुक्त (कृषि/पशुपालन/मात्स्यकी और औषध से भिन्न) विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए प्राप्त राशियों का पृथक लेखा रखेगा ।

2. उक्त संस्थान प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की एक वार्षिक विवरणी विहित प्राधिकारी को प्रति वर्ष 30 अप्रैल तक ऐसे प्रारूपों में प्रस्तुत करेगा जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किए जाएं और उसे सूचित किए जाएं ।

3. उक्त संस्थान प्रत्येक वर्ष वार्षिक विवरणी और लेखाओं का विवरण आय-कर आयुक्त को भेजेगा ।

संस्था

फाई अनुसन्धान संस्थान, इचलकरंजी

यह अधिसूचना 28-5-1981 से 27-5-1982 तक एक वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी होगी ।

[सं० 4021/फा० सं० 203/29/80—आ ई टी ए-II]

New Delhi, the 10th June, 1981

S.O. 2436.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Secretary, Department of Science and Technology, New Delhi, the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961, read with Rule 6 (vi) of the Income-tax Rules, 1962 under the category 'Association' in the area of other natural or applied sciences, subject to the following conditions :—

1. That the Fie Research Institute, Ichalkaranji will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research in the field of natural or applied sciences (other than agricultural/animal husbandry/fisheries and medicines).

2. That the said Institute will furnish the annual return of its scientific research activities to the prescirbed authority for every financial year in such forms as may be laid down and intimated to them or this purpose, by 30th April. each year.

3. That the said Institute will submit the annual return and statement of accounts to the Commissioner of Income-tax every year.

INSTITUTION

Fie Research Institute, Ichalkaranji

This notification is effective for a period of one year from 28-5-81 to 27-5-82.

[No. 4021/F. No. 203/29/80-ITA.II]

नई दिल्ली, 12 जून, 1981

का० आ० 2437 :—इस विभाग की अधिसूचना सं० 2226 (फा० सं० 203/49/77-आई टी ए-II) तारीख 23-3-1978 के अनुक्रम में, सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात् भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने नीचे उल्लिखित संस्था को आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (iii) के प्रयोजनों के लिए निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है :—

(i) कि ज्ञान प्रबोधिनी द्वारा इस छूट के अधीन संगृहीत निधियों का उपयोग अनन्यतः समाज विज्ञान में अनुसंधान के प्रवर्धन के लिए किया जाएगा ।

(ii) कि ज्ञान प्रबोधिनी इस छूट के अधीन उनके द्वारा संगृहीत निधियों का पृथक लेखा रखेगी ।

(iii) कि ज्ञान प्रबोधिनी इस छूट के अधीन उनके द्वारा संगृहीत निधियों और वह रीति जिससे निधियों का उपयोग किया गया था, दर्शाते हुए परिषद् को वार्षिक रिपोर्ट और संपरीक्षित लेखाविवरण नियमित रूप से भेजेगी ।

संस्था

ज्ञान प्रबोधिनी, पुणे

यह अधिसूचना 1-1-1981 से 31-12-1983 तक की तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी है ।

[सं० 4024/फा० सं० 203/261/80—आई टी ए-II]

New Delhi, the 12th June, 1981

S.O. 2437.—In continuation of this Office Notification No. 2226 (F. No. 203/49/77-II) dated 23-3-1978 it is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Indian Council of Social Science Research the prescribed authority for the purposes of clause (iii) of sub-section (1) of section 35 of the Income-tax Act, 1961, subject to the following conditions:—

(i) The funds collected by the Jnana Probodhini under this exemption will be utilized, exclusively for promotion of research in Social Science.

(ii) That the Jnana Prabodhini shall maintain separate accounts of the funds collected by them under this exemption.

(iii) That the Jnana Jrabodhini shall send to the Council annual report and audited statements of accounts regularly showing the Funds collected by them under this exemption and the manner in which the funds were utilized.

INSTITUTION

Jnana Prabodhini, Pune

This notification is effective for a period of three years from 1-1-1981 to 31-12-1983.

[No. 402/F. No. 203/261/80-ITA.II]

नई दिल्ली, 15 जून, 1981

का० आ० 2438 :—इस कार्यालय की अधिसूचना सं० 2955 (फा० सं० 203/41/79—आई टी ए II), तारीख 2-8-79 के अनुक्रम में, सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात् सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को आय-कर नियम, 1962 के नियम 6(iv) के साथ पठित, आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिए प्राकृतिक और अनुप्रयोगिक विज्ञान के क्षेत्र में "संगम" प्रवर्ग के अधीन निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है, अर्थात् :—

(1) यह कि बकुल फाइन केम रिसर्च सेंटर, मुम्बई प्राकृतिक या अनुप्रयोगिक (कृषि/पशुपालन/मात्स्यकी और औषधि से भिन्न) विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए प्राप्त राशियों की पृथक लेखा रखेगा ।

(2) यह कि उक्त सेंटर प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए अपने वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी क्रियाकलापों की वार्षिक विवरणी विहित प्राधिकारी को प्रति वर्ष 30 अप्रैल तक ऐसे प्रारूपों में प्रस्तुत करेगा जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किए जाएं और उसे सूचित किए जाएं ।

(3) यह कि उक्त सेंटर प्रत्येक वर्ष के लिए वार्षिक विवरण और लेखाओं का विवरण आय-कर आयुक्त, मुम्बई को भेजेगा ।

संस्था

बकुल फाइन-केम रिसर्च सेंटर, मुम्बई

यह अधिसूचना 1-4-1981 से 31-3-1984 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी है ।

[सं० 4025/फा० सं० 203/43/81-आई टी ए II]

New Delhi, the 15th June, 1981

S.O. 2438.—In continuation of this Office Notification No. 2955 (F. No. 203/41/79-ITA.II) dated 2-8-79, it is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Secretary, Department of Science & Technology, New Delhi, the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-section (1) of section 35 of the I.T. Act, 1961, read with Rule 6 (iv) of Income-tax Rules, 1962 under the category "Association" in the areas of other natural and applied science, subject to the following conditions :—

1. That the Bakul Finechem Research Centre, Bombay will maintain a separate account of sums received by it for scientific research in the field of natural and appliled sciences other than agriculture|animal husbandry|fisheries and medicines.

2. That the said Centre will furnish annual return of its scientific research activities to the Prescribed Authority for every financial year in such forms as may be laid down and intimate to them for this purpose by 30th April each year.

3. That the said Centre will submit the annual return and statement of Accounts to the Commissioner of Income-tax, Bombay for every year.

INSTITUTION

Bakul Finechem Research Centre, Bombay

The notification is effective for a period of three years from 1-4-1981 to 31-3-1984.

[No. 4025|F. No. 203|43|81-ITA.II]

नई दिल्ली, 25 जून, 1981

का० आ० 2439:—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित प्राधिकारी अर्थात् भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली ने नीचे उल्लिखित संस्था को आय-कर नियम, 1962 के नियम 6(ii) के साथ पठित, आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ii) के प्रयोजनों के लिए आयुर्विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में "वैज्ञानिक अनुसंधान संगम" प्रवर्ग के अधीन, निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है:—

(1) यह कि संगम आयुर्विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए प्राप्त राशियों का पृथक लेखा रखेगा ।

(2) यह कि संगम अपने वैज्ञानिक अनुसंधान क्रियाकलापों की वार्षिक विवरणी परिषद् को प्रति वर्ष 31 मई तक ऐसे प्ररूपों में प्रस्तुत करेगा जो इस प्रयोजन के लिए अधिकथित किए जाएं और उसे सूचित किए जाएं ।

(3) यह कि संगम लेखाओं का वार्षिक संपरीक्षित विवरण परिषद् को प्रति वर्ष 31 मई तक भेजेगा और इसके अतिरिक्त इसकी एक प्रति सम्बद्ध आय-कर आयुक्त को भेजेगा ।

(4) यह कि संगम डा० स्पेंसर्स हार्ट फाउन्डेशन, न्यूयार्क से दान दिए जाने वाले उपस्कर को आयात करने के पूर्व भारत सरकार से निकासी प्राप्त करेगा ।

संस्था

एस्कार्ट्स हार्ट इंस्टिट्यूट एण्ड रिसर्च सेन्टर, नई दिल्ली ।

यह अधिसूचना 19-6-1981 से 18-6-1983 तक की दो वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी है ।

[सं० 4047/फा० सं० 203/103/81-आई टी ए-II]

एम० के० पाण्डेय, उप सचिव

New Delhi, the 25th June, 1981

S.O. 2439.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by Indian Council of Medical Research, New Delhi, the prescribed authority for the purposes of clause (ii) of sub-Section (1) of section 35 of the Income-tax Act, 1961 read with rule 6 (ii) of the Income-tax Rules, 1962 under the category of "Scientific Research Association" in the field of Medical Research subject to the following conditions :—

(i) That the Association will maintain a separate account of the sums received by it for scientific research in the field of Medical Research.

(ii) That the Association will furnish annual returns of its scientific research activities to the Council by 31st May each year at the latest in such form as may be laid down and intimated to them for this purpose.

(iii) That the Association will furnish an annual audited statement of accounts to the council by 31st May each year and in addition send a copy of it to the concerned Income-tax Commissioner.

(iv) That the Association will seek Govt. of India's clearance before importing equipment to be gifted from Dr. Spancer's Heart Foundation, New York.

INSTITUTION

Escorts Heart Institute and Research Centre, New Delhi.

This notification is effective for a period of two years from 19-6-1981 to 18-6-1983.

[No. 4047|F. No. 203|103|81-ITA.II]
M. K. PANDEY, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 4 जून, 1981

का० आ० 2440:—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80छ की उपधारा 2(ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "अरुलमिगु स्थल शयन पेरुमल मन्दिर, माम्लापुरम्" को, तमिलनाडु राज्य में सर्वत्र विख्यात लोक पूजा का स्थान अधिसूचित करती है ।

[सं० 4010/फा० सं० 176/36/81 आ. क (ए० 1)]
के. के. पाण्डे, अवर सचिव

New Delhi, the 4th June, 1981

S.O. 2440.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2)(b) of Section 80-G of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Arulmigu Sthala Sayana Perumal Temple, Mamallapuram" to be a place of public worship of renown throughout the State of Tamil Nadu.

[No. 4010/F. No. 176/36/81-IT(AI)]
K. K. PANDEY, Under Secy.

नई दिल्ली, 3 जुलाई, 1981

का० आ० 2441:—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80-छ की उपधारा (2)(ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "श्री द्वारकाधीश जी मन्दिर, बेट (गुजरात)" को उक्त धारा के प्रयोजन के लिए सम्पूर्ण गुजरात राज्य में विख्यात सार्वजनिक पूजा स्थल के रूप में अधिसूचित करती है ।

[सं० 4071/फा० सं० 176/45/80-आई टी (ए-I)]

New Delhi, the 3rd July, 1981

S.O. 2441.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2)(b) of Section 80-G of the Income Tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Shri Dwarkadishji Mandir, Bet (Gujarat)" to be a place of public worship of renown throughout the State of Gujarat for the purposes of the said section.

[No. 4071|F. No. 176|45|80-IT(AI)]

नई दिल्ली, 11 अगस्त, 1981

का० आ० 2442:—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23ग) के खण्ड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "श्री महासती सावित्री मंदिर प्रबंध समिति" को निर्धारण वर्ष 1979-80 से 1981-82 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है ।

[सं० 4155/फा० सं० 197/125/78 आ० क. (ए I)]

New Delhi, the 11th August, 1981

S.O. 2442.—In exercise of the powers conferred by clause (v) of sub-section (23C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Centrl Government hereby notifies "Shri Mahasati Savitri Mandir Managing Committee" for the purpose of the said section for the period covered by the assessment years 1979-80 to 1981-82.

[No. 4155|F. No. 197|125|78-IT(AI)]

का० आ० 2443:—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23ग) के खण्ड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "गुरु नानक प्रतिष्ठान" को निर्धारण वर्ष 1979-80 से 1983-84 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है ।

[सं० 4156/फा० सं० 197/200/79 आ० क (ए I)]

मिलाप जैन, अवर सचिव

S.O. 2443.—In exercise of the powers conferred by clause (v) of sub-section (23C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Guru Nanak Foundation" for the purpose of the said section for the period covered by assessment years 1979-80 to 1983-84.

[No. 4156|F. No. 197|200|79-IT(AI)]

MILAP JAIN, Under Secy.

नई दिल्ली, 24 जुलाई, 1981

का० आ० 2444:—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23ग) के खण्ड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "श्री राम वैकुंठ मंदिर न्यास, पुष्कर" को निर्धारण वर्ष 1982-83 से 1984-85 के लिए उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है ।

[सं० 4131/फा० सं० 197/244/80 आ० क (ए I)]

New Delhi, the 24th July, 1981

S.O. 2444.—In exercise of the powers conferred by clause (v) of sub-section (23C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961, (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Shree Rama Vaikunoh Temple Trust, Pushkar" for the purpose of the said section for the period covered by the assessment years 1982-83 to 1984-85.

[No. 4131|F. No. 197|244|80-IT(AI)]

नई दिल्ली, 29 जुलाई, 1981

का० आ० 2445:—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23 ग) के खण्ड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, "श्री पार्वती शंकर महागणपति परिषद" को निर्धारण वर्ष 1980-81 और 1981-82 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है

[सं० 4142/फा० सं० 197/230/80 आ० क (ए I)]

New Delhi, the 29th July, 1981

S.O. 2445.—In exercise of the powers conferred by clause (v) of sub-section (23C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Sree Parvathy Sankara Mahaganapathi Parishad" for the purpose of the said section for the period covered by the assessment year(s) 1980-81 and 1981-82.

[No. 4142|F. No. 197|230|80-IT(AI)]

शुद्धि-पत्र

का० आ० 2446:—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23ग) के खण्ड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अपनी अधिसूचना सं० 4011, तारीख 6 जून, 1981 का निम्नलिखित संशोधन करती है :—"श्री पद्मनाभास्वामी मंदिर, त्रिवेन्द्रम" शब्दों के स्थान पर "श्री पद्मनाभास्वामी मंदिर न्यास, त्रिवेन्द्रम" शब्द पढ़े ।

[सं० 4143/फा० सं० 197/38/78-आ० क (ए I)]

CORRIGENDUM

S.O. 2446.—In exercise of the powers conferred by Section 10(23C)(v) of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby amend its notification No. 4011 dated the 6th June, 1981 as below:—

For the words "Sree Padmanabaswamy Temple, Trivandrum"

Read "Sri Padmanabhaswamy Temple Trust, Trivandrum".

[No. 4143|F. No. 197|38|78-IT(AI)]

नई दिल्ली, 4 अगस्त, 1981

का० आ० 2447:—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 की उपधारा (23ग) के खण्ड 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, "श्री परम आनंद, श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन संघ, अहमदाबाद" को निर्धारण वर्ष 1978-79 से 1981-82 के अन्तर्गत आने वाली अवधि के लिए उक्त धारा के प्रयोजनार्थ अधिसूचित करती है ।

[सं० 4150/फा० सं० 197/134/79 आ क (ए I)]

वी० बी० श्रीनिवासन, उप-सचिव

New Delhi, the 4th August, 1981

S.O. 2447.—In exercise of the powers conferred by clause (v) of sub-section (23C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Shree Param Anand Swetamber Murtipujak Jain Sangh, Ahmedabad" for the purpose of the said section for the period covered by the assessment years 1978-79 to 1981-82.

[No. 4150|F. No. 197|134|79-IT(AI)]

V. B. SRINIVASAN, Dy. Secy.

नई दिल्ली 19 सितम्बर, 1981

का०आ० 2448:—केन्द्रीय सरकार, सीमा-शुल्क अधिनियम 1962 (1962 का 52) की धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (राजस्व और बीमा विभाग) की अधिसूचना सं० 75-सीमा-शुल्क, तारीख 3 जुलाई, 1975 का निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध सारणी में, क्रम सं० 1 के सामने, स्तम्भ 3 में, मद (ख) में, उपमद (xx) के पश्चात् निम्नलिखित उपमद रखी जाएगी, अर्थात् :—

"(xxi) समुद्री, डेरी और पोलट्री उत्पाद ।"

स्पष्टीकरण टिप्पण:—यह अधिसूचना अहमदाबाद विमानपत्तन से जो सीमा-शुल्क विमान पत्तन घोषित कर दिया गया है, समुद्री, डेरी और पोलट्री उत्पाद के निर्यात की अनुज्ञा प्रदान करती है ।

[सं० 204/81-सीमा शुल्क फा०सं० 481/6/81/सी०शु०VII]

एन के. कपूर, अवर सचिव

New Delhi, the 19th September, 1981

S.O. 2448.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of section 7 of the Customs Act, 1962 (52 of 1962), the Central Government hereby makes the following further amendment in the notification of the Government of India in the Ministry of Finance (Department of Revenue and Insurance) No. 75-Customs, dated the 3rd July, 1975, namely:—

In the Table annexed to the said notification, against Serial No. 1, in column 3 in item (b), after sub-item (xx) the following sub-item shall be inserted, namely:—

"(xxi) marine, dairy and poultry products."

Explanatory Note:—This notification permits exports of marine, dairy and poultry products from Ahmedabad Airport which has been declared as Customs airport.

[No. 204/81-CUSTOMS/F. No. 481/6/81-CUSVII]
N. K. KAPUR, Under Secy.

(केन्द्रीय प्रत्यक्ष-कर बोर्ड)

नई दिल्ली, 13 अगस्त, 1981

का० आ० 2449:—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उपखण्ड (iii) का अनुसरण करते हुए तथा भारत सरकार के राजस्व विभाग की दिनांक 18-6-1979 की अधिसूचना सं० 2876 का अधिलंघन करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री एस० एस० सक्सेना को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अन्तर्गत कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है।

2. यह अधिसूचना श्री एस० एस० सक्सेना के कर वसूली अधिकारी का पद भार ग्रहण करने की तारीख से लागू होगी।

[सं 4157/फा० सं० 398/2/81-आ० क० स० क०]

(Central Board of Direct Taxes)

New Delhi, the 13th August, 1981

S.O. 2449.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), and in supersession of Notification of the Government of India in the Department of Revenue No. 2876 [F. No. 404/127 (TRO-Agra)-ITCC] dated 18th June, 1979, the Central Government hereby authorises Shri S. S. Saxena being a gazetted officer of the Central Government, to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. This Notification shall come into force with effect from the date Shri S. S. Saxena takes over charge as Tax Recovery Officer.

[No. 4157 (F. No. 398/2/81-ITCC)]

का० आ० 2450:—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उपखण्ड (iii) का अनुसरण करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री एम० एल० केराल को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अन्तर्गत कर वसूली अधिकारी की शक्तियों को प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है।

2. यह अधिसूचना, श्री एम० एल० केराल के कर वसूली अधिकारी का पद-भार ग्रहण करने की तारीख से लागू होगी।

[सं० 4159/फा० सं० 398/2/81-आ० क०म० क०]
एच० वेंकटरामन्, निदेशक

S.O. 2450.—In pursuance of sub-clause (iii) of clause (44) of section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) the Central Government hereby authorises Shri M. L. Keral, being a gazetted officer of the Central Government, to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. This Notification shall come into force with effect from the date Shri M. L. Keral takes over charge as Tax Recovery Officer.

[No. 4159/F. No. 398/2/81-ITCC]
H. VENKATARAMAN, Director

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 5 अगस्त, 1981

बीमा प्रभाग

का० आ० 2451:—जीवन बीमा निगम अधिनियम 1956 (1956 का 31) की धारा 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय साधारण बीमा निगम के अध्यक्ष श्री अशोक गोयनका को उस अवधि तक के लिए जब तक वे भारतीय साधारण बीमा निगम के अध्यक्ष रहते हैं, भारतीय जीवन बीमा निगम के निदेशक मण्डल का सदस्य नियुक्त करती है।

[एफ० सं० 124(4) बीमा-4/80]
मदन गोपाल गुप्त, निदेशक

(Department of Economic Affairs)

New Delhi, the 5th August, 1981

INSURANCE DIVISION

S.O. 2451.—In exercise of the powers conferred by Section 4 of the Life Insurance Corporation Act, 1956 (31 of 1956) the Central Government hereby appoints Shri Ashok Goenka, Chairman, General Insurance Corporation of India, as Member of the Board of Life Insurance Corporation of India so long as he holds the post of Chairman of G.I.C.

[F. No. 124(4)Ins. IV/80]
M. G. GUPTA, Director

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 29 अगस्त, 1981

का० आ० 2452:—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 31 के उपबन्ध 31 अगस्त, 1981 तक विजया बैंक पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक इन के अधीन निर्धारित रूप में लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के साथ लेखे तथा तुलन पत्र का प्रकाशन और 30 जून, 1981 तक की बढ़ाई गई अवधि के भीतर रिटर्नों के रूप में इनकी तीन प्रतियां रिजर्व बैंक को प्रस्तुत करना, आवश्यक है।

[संख्या 2/25/81-एकाउंट्स]
अहमद फरीद, अवर सचिव

(Banking Division)

New Delhi, the 29th August, 1981

S.O. 2452.—In exercise of the powers conferred by Section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of Section 31 of the said Act shall not apply to the Vijaya Bank upto 31st August, 1981, insofar as it is required to publish the accounts and balance sheet together with the Auditor's report in the prescribed manner and submit three copies thereof as returns to the Reserve Bank within the extended period upto 30th June, 1981.

[No. 2/25/81-ACCTTS.]
AHMED FAREED, Under Secy.

नई दिल्ली, 2 सितम्बर, 1981

का० आ० 2453:—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से एतद्द्वारा घोषणा करती है कि, उक्त अधिनियम की धारा 9 के उपबन्ध 30 जून, 1982 तक बड़ी दोआब बैंक लिमिटेड, होशियारपुर (पंजाब) पर उस समय तक लागू नहीं होंगे जहां तक इनका सम्बन्ध पंजाब के होशियारपुर जिले के प्रेमगढ़ तथा फिरोजपुर जिले के कोटवाल गांव में इसके द्वारा भू-सम्पत्ति की धारिता से है।

[संख्या 15(5)/81-बी० ओ०-III]
एन० डी० बत्रा, अवर सचिव

New Delhi, the 2nd September, 1981

S.O. 2453.—In exercise of the powers conferred by Section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of Section 9 of the said Act shall not apply upto 30th June, 1982 to the Bari Doab Bank Ltd., Hoshiarpur (Punjab) in respect of the landed properties held by it at Premgarh, Hoshiarpur District and at Village Kotwal, Ferozepur District, Punjab.

[No. 15(5)/81-B.O.III]
N. D. BATRA, Under Secy.

भारतीय रिजर्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
(Department of Economic Affairs)
(Banking Division)
New Delhi, The 27th August, 1981

का०आ० 2454.—भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अनुसरण में जून 1981 के दिनांक 26 जून को समाप्त हुए सप्ताह के लिए लेखा
S.O. 2454—**An Accoont pursuant to the RESERVE BANK OF INDIA ACT, 1934 for the week ended the 26th day of June 1981**

इशू विभाग
ISSUE DEPARTMENT

देयताएं LIABILITIES	रुपये Rs.	रुपये Rs.	आस्तियां ASSETS	रुपये Rs.	रुपये Rs.
बैंकिंग विभाग में रखे हुए नोट Notes held in the Banking Department	22,30,45,000		सोने का सिक्का और बुलियन :— Gold Coin and Buillion		
संचलन में नोट Notes in circulation	14435.94.75.000		(क) भारत में रखा हुआ (a) Held in India	225,58,28,000	
जारी किए गए कुल नोट Total Notes issued		14458,25,20 000	(ख) भारत के बाहर रखा हुआ (b) Held outside India		
			विदेशी प्रतिभूतियां Foreign Securities	2364,05,75,000	
			जोड़ Total		2589,64,03,000
			रुपए का सिक्का Rupees Coin		48,69,85,000
			भारत सरकार की रुपया प्रतिभूतियां Government of India Rupee Securities		11819,91,32,000
			देशी विनियम बिल और दूसरे वाणिज्य-पत्र Internal Bills of Exchange and other commercial paper		
कुल देयताएं Total Liabilities		14458,25,20,000	कुल आस्तियां Total Assets		14458,25,20,000

दिनांक 19

गवर्नर
Governor
I.G. PATEL,

New Delhi the 1st day of July, 1981

26 जून, 1981 को भारतीय रिजर्व बैंक के बैंकिंग विभाग के कार्यकलाप का विवरण
Statement of the Affairs of the Reserve Bank of India Banking Department as on 26th June 1981

देयताएं LIABILITIES	रुपये Rs.	आस्तियां ASSETS	रुपये Rs.
चुकता पूंजी Capital Paid Up	5,00,00,000	नोट Notes	22,30,45,000
आरक्षित निधि Reserve Fund	150,00,00,000	रुपए का सिक्का Rupee Coin	3,76,000
राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि National Agricultural Credit (Long term Operations) Fund	920,00,00,000	छोटा सिक्का Small Coin	6,69,000
राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि National Agricultural Credit (Stabilisation) Fund	290,00,00,000	खरीदे और भुनाए गये बिल Bills Purchased and Discounted :—	
राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि National Industrial Credit (Long Term Operations) Fund	1355,00,00,000	(क) देशी (a) Internal	2,83,80,000
जमाराशियां :— Deposits :—		(ख) विदेशी (b) External	..
(क) सरकारी (a) Government		(ग) सरकारी खजाना बिल (c) Government Treasury Bills	2823,00,88,000
		विदेशों में रखा हुआ बकाया Balances Held Abroad*	1567,76,15,000
		निवेश Investment**	2030,18,94,000

(i) केन्द्रीय सरकार	
(i) Central Government	65,07,54,000
(ii) राज्य सरकारें	
(2) जहां किसी अधिकारी को जो एक निवास-स्थान का अधिभोगी है दूसरा निवास-स्थान आबन्टित किया जाता है और वह नए निवास-स्थान का अधिभोग प्राप्त कर लेता है तो पहले निवास-स्थान का आवन्टन नए निवास-स्थान का अधिभोग प्राप्त करने की तारीख से रद्द समझा जाएगा। तथापि, निवास-स्थान के परिवर्तन के लिए वह पहले निवास-स्थान को उस दिन तथा उसके बाद के एक दिन तक, बिना अनुज्ञप्ति फीस दिए, अपने पास रख सकता है।

(3) ऐसे अधिकारी, जिनके पास अपना मकान है या वे अधिकारी जिनको आबन्टन हो जाने के पश्चात् मकान का स्वामित्व मिल गया है और जो सरकारी निवास-स्थान का अधिभोग कर रहे हैं, उतनी अनुज्ञप्ति फीस का संदाय करेंगे, जितनी सरकार द्वारा समय-समय पर की जाये।

निवास-स्थान के खाली किए जाने तक अधिकारी का अनुज्ञप्ति फीस देने का वैयक्तिक दायित्व तथा अस्थायी अधिकारियों द्वारा प्रतिभू दिया जाना—अनु० नि० 317-खण्ड 12 :

(1) वह अधिकारी जिसको निवास-स्थान का आबन्टन किया गया है उसकी अनुज्ञप्ति फीस तथा उस नुकसान के लिए व्यक्तिगत रूप से दायी होगा जो उचित टूट-फूट के अतिरिक्त हो और जो उस निवास-स्थान की अथवा सरकार द्वारा उसमें दिए गए फर्नीचर, फिक्सचर, फिटिंग या सेवा-व्यवस्था को उस अवधि के दौरान हो, जब निवास स्थान उसे आवन्टित कर दिया जाता है और उसे आबन्टित रहता है या, जहां आबन्टन इन नियमों के किसी उपबन्ध के अधीन रद्द कर दिया गया है, वहां जब तक निवास-स्थान तथा उसमें सलग्न उपगृह खाली नहीं कर दिए जाते हैं और उनका पूर्णतः खाली रूप में कब्जा सरकार को वापस नहीं कर दिया जाता है।

(2) जहां वह अधिकारी जिसे निवास-स्थान आबन्टित किया गया है, न तो स्थायी सरकारी सेवक है और न स्थायीकृत, वहां वह प्रतिभू-सहित, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त विहित प्ररूप में, प्रतिभूति पत्र निष्पादित करेगा। यह प्रतिभू केन्द्रीय सरकार के अधीन सेवा करने वाला स्थायी सरकारी सेवक होना चाहिए।

यह प्रतिभूति-पत्र अनुज्ञप्ति फीस तथा अन्य ऐसे प्रभारों के संदाय के लिए होगा जो उस निवास-स्थान और अन्य सेवाओं की बाबत तथा उसके बदले में दिए गए किसी अन्य निवास-स्थान की बाबत उसके द्वारा देय हों।

(3) यदि प्रतिभू सरकारी सेवा में नहीं रह जाता या दिवालिया हो जाता है या किसी अन्य कारण से उपलब्ध नहीं रह जाता है तो अधिकारी किसी अन्य प्रतिभू द्वारा निष्पादित एक नया बन्धपत्र उस घटना या तथ्य की जानकारी प्राप्त होने की तारीख से तीस दिन के भीतर देगा, और यदि वह ऐसा न करे तो, जब तक कि मण्डल अधिकारी अन्यथा विनिश्चय न करे, उस निवास-स्थान का उसे आबन्टन उस घटना की तारीख से रद्द किया गया समझा जाएगा।

आबन्टन का अभ्यर्पण और सूचना की अवधि—अनु०नि० 317-खण्ड—13 :

(1) अधिकारी ऐसी सूचना दे कर, जो निवास-स्थान को खाली करने की तारीख से कम से कम दस दिन पूर्व मण्डल अधिकारी के पास पहुंच जाए, किसी भी समय आबन्टन को अभ्यर्पित कर सकता है। निवास-स्थान का आबन्टन उस दिन के पश्चात् जिसको पत्र मण्डल अधिकारी को प्राप्त होता है, ग्यारहवें दिन से या पत्र में विनिर्दिष्ट तारीख से, जो भी पश्चात्वर्ती हो, रद्द किया गया समझा जाएगा। यदि अधिकारी सम्यक् सूचना न दे तो वह दस दिन की, अथवा दस दिन की सूचना देने में जितने दिन की कमी हो उतने दिन की अनुज्ञप्ति फीस देने के लिए उत्तरदायी होगी, परन्तु मण्डल अधिकारी कम अवधि की सूचना स्वीकार कर सकता है।

(2) उप-नियम (1) के अधीन निवास-स्थान अभ्यर्पित करने वाले अधिकारी के सम्बन्ध में, उसी स्टेशन पर सरकारी आवास-सुविधा का आबन्टन करने के लिए, ऐसे अभ्यर्पण की तारीख से एक वर्ष की कालावधि तक पुनः विचार नहीं किया जाएगा।

निवास-स्थान का परिवर्तन—अनु०नि० 317 खण्ड 14 :

(1) जिस अधिकारी को इन नियमों के अधीन निवास-स्थान का आबन्टन किया गया है वह आवेदन कर सकता है कि उसको उसके बदले में उसी टाइप का अथवा उस टाइप का जिसका पात्र वह अनु० नि० 317 खण्ड 5 के अधीन है (जो भी निम्नतर हो), निवास-स्थान दिया जाए। किसी अधिकारी को आवन्टित एक टाइप के निवास-स्थान की बाबत केवल एक बार से अधिक परिवर्तन की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(2) परिवर्तन के लिए वे सभी आवेदन, जो मण्डल अधिकारी द्वारा विहित प्ररूप में किए गये हों और किसी कलैण्डर मास के उन्नीसवें दिन तक प्राप्त हों, अगले मास की प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित किए जाएंगे। इस नियम के प्रयोजनों के लिए, वे अधिकारी जिनके नाम पूर्ववर्ती मास की प्रतीक्षा-सूची में सम्मिलित किए गए हैं, समुच्चयित रूप से उन अधिकारियों से ज्येष्ठ होंगे जिनके नाम पश्चात्वर्ती मास की सूची में सम्मिलित किए जाते हैं। किसी विशिष्ट मास की सूची में सम्मिलित किए गए अधिकारियों की परस्पर ज्येष्ठता उनकी पूर्विकता तारीखों के क्रम से अवधारित की जाएगी :

(3) परिवर्तन का अवसर उपनियम (2) के अनुसार अवधारित ज्येष्ठता के क्रम से तथा अधिकारियों की अपनी पसन्द का यथासम्भव ध्यान रखते हुए दिया जाएगा :

परन्तु अधिवर्षिता की तारीख से ठीक छः मास पहले की अवधि के दौरान निवास के परिवर्तन की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(4) यदि कोई अधिकारी निवास-स्थान के परिवर्तन की प्रस्थापना या आबन्टन जारी किए जाने के पांच दिन के भीतर उसे स्वीकार नहीं करता तो उसके नाम पर, उस टाइप के निवास-स्थान के परिवर्तन के लिए पुनः विचार नहीं किया जाएगा।

(5) जो अधिकारी, निवास-स्थान का परिवर्तन स्वीकार करने के पश्चात् उसका कब्जा नहीं लेता उससे ऐसे निवास स्थान के लिए अनु० नि० 317-खख 1 के उपनियम (1) के उपबन्धों के अनुसार अनुज्ञप्ति फीस ली जाएगी, जो उस निवास-स्थान के लिए, जो पहले ही उसके कब्जे में है, और जिसका आबन्टन बराबर बना रहेगा, मू० नि० 45-क के अधीन प्रसामान्य अनुज्ञप्ति फीस के अतिरिक्त होगी।

कुटुम्ब के सदस्य की मृत्यु की दशा में निवास-स्थान का परिवर्तन अनु० नि० 317—खख 15 :

अनु०नि० 317-खख-14 में किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी अधिकारी के कुटुम्ब के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाती है और वह निवास-स्थान के परिवर्तन के लिए आवेदन ऐसी घटना के तीन मास के भीतर करता है तो उसे निवास-स्थान के परिवर्तन की अनुज्ञा दी जा सकती है। परन्तु यह परिवर्तन उसी टाइप के निवास-स्थान में तथा उसी मंजिल पर होगा जिस टाइप का निवास-स्थान उस अधिकारी को पहले से आबन्टित है।

निवास-स्थानों का पारस्परिक विनियम अनु० नि० 317 खख 16 :

जिन अधिकारियों को इन नियमों के अधीन एक ही टाइप के निवास स्थान आबन्टित किए गए हैं, वे आवेदन कर सकते हैं कि उन्हें अपने निवास-स्थानों का पारस्परिक विनियम करने की अनुज्ञा दी जाए। जब इस बात की उचित तौर पर प्रत्याशा हो कि दोनों अधिकारी ऐसे विनियम के अनुमोदन की तारीख से कम से कम छह मास तक उसी स्थान में कर्तव्यारूढ़ रहेंगे और पारस्परिक रूप से विनियम में प्राप्त अपने निवास स्थानों में रहेंगे तब पारस्परिक विनियम की अनुज्ञा दी जा सकती है।

उन स्थानों के लिए स्थानान्तरण जहां कुटुम्ब नहीं रखा जा सकता—अनु० नि० 317 खख 17 :

यदि किसी अधिकारी का स्थानान्तरण किसी ऐसे स्थान को किया जाता है जहां उसे अपना कुटुम्ब साथ ले जाने के लिए सरकार द्वारा अनुज्ञा नहीं दी जाती या सलाह नहीं दी जाती और इन नियमों के अधीन उसे आबन्टित निवासस्थान उसकी संतान को वास्तविक शिक्षा सम्बन्धी आवश्यकताओं के लिए कुटुम्ब द्वारा अपेक्षित है तो उसे, प्रार्थना करने पर, अपनी संतान के चालू शैक्षणिक सत्र के अन्त तक मू०नि० 45-क के अधीन अनुज्ञप्ति फीस के संदाय पर निवास-स्थान रखने के लिए अनुज्ञा दी जा सकती है। तथापि यह नियम आरक्षित आवास के मामले में लागू नहीं होता जिसमें मण्डल अधिकारी का आदेश का० ज्ञा० सं० 2/52/64-एसीसी 1 ता० 20 मार्च, 1965 आरक्षित आवास का कब्जा बनाए रखने को विनियमित करेगा।

निवास-स्थान का रख-रखाव—अनु० नि० 317-खख-18 :

(1) जिस अधिकारी का निवास-स्थान का आबन्टन किया गया है वह उसे और परिसरों को केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग तथा स्थानीय सिविल प्राधिकारियों के समाधानप्रद रूप से साफ दशा में रखेगा। ऐसा अधिकारी उस निवास-स्थान से संलग्न किसी बाग, सहन या चार दिवारी में न तो सरकार या केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के विरुद्ध कोई वृक्ष, झाड़ी या पौधे उगाएगा और न ही किसी विद्यमान वृक्ष या झाड़ी को केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की लिखित पूर्व अनुज्ञा के बिना काटेगा या छांटेगा। इस नियम के उल्लंघन में उगाये गए वृक्ष, पौधे या वनस्पति सम्बन्धित अधिकारी की जोखिम पर और उसके खर्च पर मण्डल अधिकारी या सम्बन्धित अन्य अधिकारी द्वारा हटवाए जा सकेंगे।

(2) आबन्टित परिसर या उसके आसपास मण्डल अधिकारी की अनुज्ञा के बिना कोई परिवर्द्धन या परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

निवास-स्थान को शिकमी देना और सहभोग—अनु० नि० 317-खख-19 :

(1) कोई अधिकारी अपने को आबन्टित निवास-स्थान या उससे संलग्न उपगृहों, गैरजों और अस्तबलों का सहभोग इन नियमों के अधीन निवास-स्थान के आबन्टन के पात्र केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के साथ ही करेगा। सेवक-निवासों (या क्वार्टरों), उपगृहों और गैरेजों का उपयोग केवल उचित प्रयोजनों के लिए, जिनके अन्तर्गत आबन्टिती के सेवकों का निवास भी है, या अन्य ऐसे प्रयोजनों के लिए किया जाएगा जिनकी मण्डल अधिकारी अनुज्ञा दे।

(2) कोई अधिकारी अपने सम्पूर्ण निवास-स्थान को शिकमी नहीं देगा :

परन्तु छुट्टी पर जाने वाला अधिकारी अपने निवास-स्थान में किसी अन्य अधिकारी को, जो सरकारी सुविधा का सहभोग करने के लिए पात्र है, देखभाल करने वाले के रूप में अ० नि० 317-खख-9 में विनिर्दिष्ट अवधि पर्यन्त, किन्तु छह मास से अधिक नहीं रख सकता है।

(3) जो अधिकारी अपने निवास-स्थान का सहभोग करे या उसे शिकमी दे वह ऐसा अपनी जोखिम और उत्तरदायित्व पर करेगा और उस निवास-स्थान की बाबत देय कोई अनुज्ञप्ति फीस देने के लिये और ऐसे किसी नुकसान के लिये वैयक्तिक रूप से उत्तरदायी बना रहेगा, जो निवास-स्थान को या उसकी सीमाओं या भूमियों को या सरकार द्वारा उसमें की गई सेवा व्यवस्थाओं को पहुंचे और जो उचित टूट-फूट के अतिरिक्त हो। आबंटिती को उस दशा में सरकार द्वारा विनिश्चित नुकसानों का संदाय करना होगा जिसमें वह अनुज्ञा के बिना शिकमी पर (भागतः या पूर्णतः) देकर या सहभाग करके उसका दुरुपयोग करता है या निर्मिति संबंधी दुरुपयोग करता है।

(4) यदि आबंटिती द्वारा निवास के प्रयोजन के लिये आबंटित परिसर का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिये किया जाता है तो यह आबंटन नियम का भंग होगा।

नियमों और शर्तों को भंग करने का परिणाम—अनु० नि० 317-खख-20

(1) यदि वह अधिकारी जिसे निवास-स्थान आबंटित किया गया है, अप्राधिकृत रूप से निवास-स्थान शिकमी देता है या सहभागी से अनुज्ञप्ति फीस ऐसी दर से लेता है जिसे मंडल अधिकारी अत्यधिक समझता है अथवा निवास-स्थान के किसी भाग में कोई अप्राधिकृत निर्माण करता है अथवा निवास-स्थान या उनके किसी भाग का उपयोग उन प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिये करता है जिनके लिये वह अभिप्रेत है अथवा विद्युत या जल के कनेक्शन को बिगाड़ता है अथवा इन नियमों या आबंटन के निबन्धनों और शर्तों को भंग करता है अथवा किन्हीं ऐसे प्रयोजनों के लिये, जिन्हें मंडल अधिकारी अनुचित समझे, निवास-स्थान या परिसर का उपयोग करता है या किये जाने की अनुज्ञा देकर नुकसान पहुंचाता है अथवा स्वयं ऐसा आचरण करता है या जो संपदा निदेशक की राय में उस अधिकारी के पड़ोसियों से शान्तिपूर्ण सम्बन्धों को बनाये रखने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है, अथवा आबंटन प्राप्त करने की दृष्टि से किसी

आवेदन या लिखित कथन में कोई गलत जानकारी जानबूझ कर देता है, तो मंडल अधिकारी, उस अनुशासनिक कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो उस अधिकारी के विरुद्ध की जा सकती है, निवास-स्थान का आवंटन रद्द कर सकता है । आवंटन उस दशा में भी रद्द किया जा सकेगा जब आवंटन प्राधिकारी की यह राय हो कि आवंटिती या उसके आश्रित का आचरण पड़ोसियों से शान्तिपूर्ण सम्बन्धों को बनाये रखने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है ।

स्पष्टीकरण :—इस उपनियम में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, "अधिकारी" पद के अन्तर्गत उसके कुटुम्ब का कोई सदस्य और ऐसे अधिकारी के माध्यम से दावा करने वाला कोई व्यक्ति भी है ।

(2) यदि कोई अधिकारी उसे आवंटित निवास-स्थान को या उसके किसी भाग को या उससे संलग्न किसी उपगृह, गैरेज को इन नियमों का उल्लंघन करके शिकमी देता है तो, ऐसी किसी अन्य कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो उसके विरुद्ध की जा सकती हो, उससे उतनी वर्धित अनुज्ञप्ति फीस ली जा सकेगी, जो मूल नियम 45-क के अधीन मानक अनुज्ञप्ति फीस के चार गुना से अधिक न हो । प्रत्येक मामले में इस बात का विनिश्चय कि कितनी अनुज्ञप्ति फीस वसूल की जाये और किस अवधि के लिये वसूल की जाये, मंडल अधिकारी गुणा-गुण के आधार पर करेगा । इसके अतिरिक्त उस अधिकारी को भविष्य में ऐसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिये जो मंडल अधिकारी द्वारा विनिश्चित की जाये निवास-स्थान का सहभोग करने से विवर्जित किया जा सकेगा ।

(3) जहां आवंटिती द्वारा परिसर के अप्राधिकृत रूप से शिकमी दिये जाने के कारण आवंटन को रद्द करने की कार्यवाई की जाती है वहां आवंटिती तथा उसके साथ उसमें निवास करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को परिसर को खाली करने के लिये साठ दिन का समय दिया जायेगा। आवंटन परिसर खाली किये जाने की तारीख या आवंटन रद्द करने के आदेश की तारीख से, जो भी पूर्वतर हो, साठ दिन की अवधि समाप्त होने पर रद्द हो जायेगा ।

(4) जहां निवास-स्थान का आवंटन ऐसे आचरण के कारण रद्द किया जाय जो पड़ोसियों से शान्तिपूर्ण सम्बन्ध बनाये रखने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला हो वहां, उस अधिकारी को मंडल अधिकारी के विवेकानुसार उसी वर्ग का अन्य निवास-स्थान किसी अन्य स्थान में आवंटित किया जा सकेगा ।

(5) मंडल अधिकारी इस नियम के उपनियम (1) से (4) तक के अधीन सभी कार्यवाहियां या कोई कार्यवाई करने के लिये तथा ऐसे अधिकारी को, जो नियमों का तथा उसको जारी किये गये अनुदेशों को भंग करता है, तीन वर्ष से अनधिक की अवधि के लिये वास-सुविधा के आवंटन के लिये अपात्र घोषित करने के लिये भी सक्षम होगा ।

(6) जहां इस नियम के अधीन कोई शास्ति अधीक्षण इंजीनियर या उससे नीचे पंक्ति के किसी अधिकारी द्वारा अधिरोपित की जाती है, वहां, व्यथित व्यक्ति शास्ति अधिरोपित करने वाले आदेशों की अपने या अपने नियोजक द्वारा प्राप्ति के छब्बीस दिन के भीतर मुख्य इंजीनियर या महानिदेशक (संकर्म) को अभ्यावेदन कर सकेगा ।

(7) शास्ति अधिरोपित करने वाला मूल आदेश तब तक वैध रहेगा जब तक वह अभ्यावेदन के परिणामस्वरूप उपान्तरित या विखंडित न हो जाये ।

आवंटन के रद्द किये जाने के पश्चात् निवास-स्थान में बने रहना—अनु० नि० 317-खख-21:

जहां कोई आवंटन इन नियमों के किसी उपबन्ध के अधीन रद्द किया जाता है या रद्द कर दिया गया समझा जाता है और तत्पश्चात् वह निवास स्थान उस अधिकारी के, जिसे वह आवंटित किया गया था या उसके माध्यम से दावा करने वाले व्यक्ति के अधिभोग में बना रहता है या बना रहा है वहां ऐसा अधिकारी उस निवास-स्थान सेवाओं, फर्नीचर के उपयोग और अधिभोग के लिये उपनी नुकसानी और भाग-प्रभार का देनदार होगा जो, सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित दंड अनुज्ञप्ति फीस के बराबर हो या उस अनुज्ञप्ति फीस का दोगुना जो वह संदत्त कर रहा था, इनमें से जो भी उच्चतर हो :

परन्तु किसी अधिकारी को उस निवास-स्थान को जो किसी विशेष पद के लिये अलग नहीं रखा जाता है, विशेष दशाओं में, मू० नि० 45-क के अधीन मानक अनुज्ञप्ति फीस से दोगुना या मू० नि० 45-क के अधीन पूल की गई मानक अनुज्ञप्ति फीस से दोगुना, जो भी अधिक हो या उस अनुज्ञप्ति फीस का दोगुना, जो वह संदत्त कर रहा था, इनमें से जो भी उच्चतर हो, पर अनु० नि० 317-खख-9 के अधीन अनुज्ञात कालावधि से परे दो मास से अनधिक की कालावधि के लिये निवास-स्थान रखने के लिये मंडल अधिकारी द्वारा अनुज्ञात किया जा सकेगा ।

इन नियमों के जारी किये जाने के पहले किये आवंटनों का बना रहना अनु० नि० 317-खख 22 :

निवास-स्थान के किसी ऐसे विधि मान्य आवंटन के बारे में जो इन नियमों के प्रारम्भ के ठीक पूर्व तत्समय प्रवृत्त नियमों के अधीन अस्तित्व में हो यह समझा जायेगा कि वह इन नियमों के अधीन सम्यक् रूप से किया गया आवंटन है भले ही वह अधिकारी जिसे वह आवंटन किया गया हो, उस टाइप का निवास-स्थान का हकदार न हो और उस आवंटन और उस अधिकारी के सम्बन्ध में इन नियमों के सभी पूर्वगामी उपबन्ध तदनुसार लागू होंगे ।

नियमों का निर्वचन—अनु० नि० 317-खख-23 :

यदि इस प्रभाग के नियमों के निर्वचन की बाबत कोई प्रश्न उठता है तो उसका विनिश्चय केन्द्रीय सरकार द्वारा किया जायेगा ।

नियमों का शिथिलीकरण —अनु० नि० 317 खख-24 :

केन्द्रीय सरकार ऐसे कारणों से जो लेखबद्ध किये जायेंगे इस प्रभाग के नियमों के सभी उपबन्धों को या उनमें से किसी को किसी अधिकारी या निवास-स्थान के मामले में या अधिकारियों के किसी वर्ग या निवास-स्थानों के किसी टाइप के बारे में शिथिल कर सकेगी ।

शक्तियों या कृत्यों का प्रत्यायोजन—अनु० नि० 317-खख-25 :

केन्द्रीय सरकार इस प्रभाग के नियमों द्वारा उसे प्रदत्त कोई शक्ति या सभी शक्तियां अपने नियंत्राधीन किसी अधिकारी को ऐसी शर्तों के अधीन प्रत्यायोजित कर सकेगी जिन्हें प्रत्यायोजित करना वह ठीक समझे ।

[एफ० सं० 28017/7/80/ई डब्लू 2]

जी० पी० ओहर, उप सचिव

प्रारूप आवंटन-पत्र

सं०

भारत सरकार आवंटन/तुरंत

के० लो० नि० वि० प्रभाग

सेवा में

———————

———————

प्रिय/महोदय/महोदया

पार्श्व में अंकित निवास-स्थान, 'केन्द्रीय नियम, 1981 के अधीन सरकारी निवास-स्थानों का आवंटन' के उपबंध के अनुसार आपको आवंटित किया जाता है । यह आवंटन उस अवधि के लिये किया जाता है जिसमें आप————————प्रभाग से संबद्ध रहते है और————————के रूप में————————अनुभाग/उप प्रभाग/प्रभाग के प्रभारी के रूप में कार्य करते हैं ।

1. निवास स्थान की विशिष्टियां	2. टाइप
3. असुसज्जित निवास स्थान के बदले में	4. टाइप
5. सुसज्जित	

2. आप से अनुरोध है कि इस पत्र को जारी करने/प्राप्त करने की तारीख से पांच दिन के भीतर आप अपनी स्वीकृति भेज दें। स्वीकृति संलग्न प्रारूप में दो प्रतियों में होनी चाहिये और इसे अधोहस्ताक्षरी को (नाम से) सम्बोधित करके भेजा जाना चाहिये।

3. यदि पांच दिन की विहित अवधि के भीतर स्वीकृति प्राप्त नहीं होती है तो आवंटन अस्वीकृत किया गया समझा जायेगा और आपके मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

4. यदि आप अस्थायी सरकारी सेवक हैं तो आपसे अपेक्षा की जाती है। आप किसी स्थायी सरकारी से सेवक का प्रतिभूति बंध-पत्र अपनी स्वीकृति के साथ प्रस्तुत करें। बंध-पत्र निर्धारित प्रारूप में होना चाहिये।

5. यदि आवंटन स्वीकार कर लिया जाता है तो आपको सम्बद्ध के० लो० नि० वि० पूछताछ कार्यालय से इस पत्र की प्राप्ति की तारीख से आठ दिन के भीतर आवंटित निवास-स्थान का कब्जा ले लेना चाहिये। ऊपर विनिर्दिष्ट समय के भीतर कब्जा लेने में असफल रहने की दशा में आपको आवंटन के आठवें दिन से अनुज्ञप्ति फीस का संदाय करना होगा और आवंटन को रद्द किया जा सकेगा।

भवदीय

कार्यपालक इंजीनियर

——— प्रभाग के० लो० नि० वि०

तारीख 19....

प्रति निम्नलिखित को अग्रेषित

1. उप प्रभाग
2. रोकड़िया————प्रभाग/बिल सहायक।
3. लेखापाल————प्रभाग
4. अ० इं० परिक्षेत्र (सर्किल) को इसके अधीन प्राप्त अनुमोदन की तारीख से सूचनार्थ।
5. ले० ले० प०/सी एम कार्यालय।

प्रारूप स्वीकृति पत्र

सेवा में

कार्यपालक इंजीनियर

————प्रभाग

के० लो० नि० वि०

विषय : निवास-स्थान की स्वीकृति।

महोदय,

मैं आपके पत्र सं०..... ता०.....द्वारा मुझे आवंटित किये गये निवास स्थान सं०.....का आवंटन स्वीकार करता हूं। यह पत्र मुझे ता०.....को प्राप्त हुआ।

मेरी उपलब्धियों का पूरा ब्यौरा नीचे दिया गया है :

(i) वेतन ————

(ii) विशेष वेतन, यदि कोई हो ————

(iii) पेंशन, और मृत्यु और सेवा निवृत्ति उपदान का पेंशन समतुल्य ————

(iv) मंहगाई वेतन, यदि कोई हो ————

(v) नगर प्रतिकारात्मक भत्ता ————

(vi) कोई अन्य भत्ता, जो मंहगाई भत्ता, सवारी भत्ता या मकान भाड़ा भत्ता आदि से भिन्न हो। ————

जोड़ ————

मैं केन्द्रीय सरकार का स्थायीकृत/स्थायी सेवक हूं। ————

मैं अस्थायी सरकारी सेवक हूं और मेरे प्रतिभू की विशिष्टियां नीचे दी गई हैं।

(i) प्रतिभू का नाम

(ii) प्रतिभू का पदनाम

(iii) कार्यालय/मंत्रालय, जहां नियोजित है

संपदा निदेशालय या पुनर्वास विभाग या किसी अन्य सरकारी विभाग/स्वशासी निकाय/अर्ध सरकारी/पब्लिक उपक्रम कार्यालय द्वारा कोई भी अन्य सरकारी निवास स्थान मुझे या मेरी पत्नी/मेरे पति को आवंटित नहीं किया गया है।

मैं यह प्रमाणित करता हूं कि नियुक्ति के स्थान पर मेरे अपने नाम से या मेरी पत्नी/मेरे पति या कुटुम्ब के किसी अन्य सदस्य के नाम से मेरे स्वामित्व में कोई मकान या फ्लेट नहीं है। मैं यह भी वचन देता हूं कि जब मैं या मेरे कुटुम्ब का कोई सदस्य इस स्टेशन पर कोई मकान अर्जित करेगा तो, मैं उसकी जानकारी आपको दूंगा।

यदि वर्तमान पद से मेरा स्थानांतरण हो जाता है तो साधारण पूल में या अन्यथा औपचारिक रूप से आवंटन का इंतजार किये बिना दो सप्ताह के भीतर मैं क्वार्टर खाली कर दूंगा।

मैंने के० लो० नि० वि० के नियंत्रणाधीन सरकारी निवास-स्थानों के आवंटन की ज्ञापत नियमों को सावधानी पूर्वक पढ़ लिया है और इन नियमों का पालन करने का करार करता हूं।

भवदीय

हस्ताक्षर

स्पष्ट अक्षरों में नाम/पद नाम/ता०

प्रतिभू बंधपत्र

मैं, श्री————जो श्री————

का पुत्र और इस समय————में————

के रूप में नियोजित हूं, श्री————द्वारा उस निवास स्थान के संबंध में, जो सरकार ने उसे अब आवंटित किया है तथा ऐसे अन्य निवास-स्थान, अतिरिक्त वास-सुविधा, अतिरिक्त सेवक क्वार्टर या गैरेज के लिये, जो सरकार उसे समय-समय पर आवंटित करे, अनुज्ञप्ति फीस और अन्य देय रकमों का भारत के राष्ट्रपति को (जिन्हें इसमें आगे सरकार कहा गया है और इसके अन्तर्गत उनके उत्तरवर्ती और समनुदेशिती भी हैं) संदाय किये जाने के लिये प्रतिभू हूं (इसके अन्तर्गत मेरे वारिस, निष्पादक और प्रशासक भी हैं)।

मैं, अर्थात् प्रतिभू उस समय तक जब तक उसका खाली कब्जा सरकार को परिदत्त नहीं कर दिया जाता है, सभी हानि और नुकसान के लिये सरकार को क्षतिपूर्ति करूंगा। मैं, अर्थात् प्रतिभू सरकार द्वारा मांग की जाने पर तुरन्त तथा आपत्ति किये बिना ऐसी सब रकमों का सरकार को संदाय करने का वचनबद्ध करता हूं, जो सरकार को ऊपर बताये गये रूप में देय हों। मैं करार करता हूं जो सरकार उक्त रकमों को मुझे संदेय वेतन में से वसूल कर सकेगी (और सरकार ऐसा करने के लिये अप्रतिसंहरणीय रूप में प्राधिकृत होगी) इस प्रकार वसूल की जाने वाली रकम के बारे में सरकार का विनिश्चय अंतिम होगा।

मैंने जो बाध्यता स्वीकार की है वह सरकार द्वारा समय बढ़ाये जाने या उक्त श्री————(आवंटिती का नाम) के प्रति अन्य उदारता बरते जाने के कारण या किसी भी अन्य ऐसे विषय या ऐसी बात से न तो उन्मोचित होगी और न प्रभावित होगी, जिसका प्रतिभूओं से संबंधित विधि के अधीन प्रभाव, यदि यह उपबंध न होता तो मुझे मेरे ऐसे दायित्व से मुक्त करना होता।

यह प्रत्याभूति न तो मेरी मृत्यु से उन्मोचित होगी और न मैं सरकार की लिखित सहमति के बिना, तब तक किसी भी समय इसका प्रतिसंहरण कर सकूंगा जब तक कि ऐसे किसी निवास-स्थान, सेवक क्वार्टर या गैरेज का जो आबंटिती के अधीभोग में है, खाली कब्जा सरकार को परिदत्त नहीं कर दिया जाता है :

परन्तु यह प्रत्याभूति उस तारीख से तथ्यतः समाप्त हो जायेगी जिस तारीख को श्री.....को भारत सरकार की किसी सेवा में स्थायी या स्थायीवत् घोषित किया जाता है ।

सरकार ने यह स्वीकार कर लिया है कि इस दस्तावेज पर जो भी स्टाम्प शुल्क देना होगा उसे सरकार देगी ।

नई दिल्ली में आज तारीख.....को उक्त.....ने इस पर हस्ताक्षर किये और परिदान किया ।
साक्षी के हस्ताक्षर.....

(प्रतिभू के हस्ताक्षर)

उसका पता..... पदनाम.....
और उसका व्यवसाय.....कार्यालय जिससे संलग्न है ।

प्रमाणित किया जाता है कि उक्त प्रतिभू स्थायी सरकारी सेवक है उसकी आयु.....है और उसका वेतन.....रु० है ।

उस विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर, जिसके कार्यालय में प्रतिभू नियोजित है ।

तारीख :

कार्यालय स्टाम्प

MINISTRY OF WORKS AND HOUSING

New Delhi, the 31st August, 1981

S.O. 2474.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution read with rule 45 of the Fundamental Rules, the President hereby makes the following additions to the Supplementary Rules, namely :—

Short title and application.—Supplementary Rules, Part VIII-S.R. 317 Division xxvi-BBI—

(1) These rules may be called the Allotment of Government Residence (Under the Control of the Central Public Works Department) Rules, 1981.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

Definitions—S.R. 317 — — :BB-2

In these rules, unless the context otherwise requires:—

(a) 'Allotment', means the grant of a licence to occupy a residence in accordance with the provisions of these rules;

(b) 'Allotment year' means the year beginning on the 1st January or such other period as may be notified by the Divisional Officer but in no case an allotment year shall extend beyond two years.

(c) 'Divisional Officer' means the Executive Engineer (Civil) or (Electrical) of the Central Public Works Department and includes an Assistant Executive Engineer or Superintending Engineer of the Central Public Works Department.

(d) 'Director General (Works)' means the Director General (Works) of the Central Public Works Department and Chief Engineer means the Chief Engineers (Civil) and (Electrical) of Central Public Works Department.

(e) 'Eligible Office' means,—

(i) in the case of accommodation meant for all offices of the Central Public Works Department, all offices of the Central Public Works Department located in the city concerned;

(ii) in the case of accommodation available for the essential maintenance staff of the enquiry office or groups of enquiry offices the staff working in that office or group of office and who are notified by the Government as essential for the purpose of allotment of accommodation;

(iii) in the case of accommodation available in aerodromes, the staff working in the aerodrome concerned;

(iv) in the case of accommodation available for specific construction works, the staff employed on such construction works;

(v) in the case of accommodation meant for work charged staff of Central Public Works Department all the work charged staff working at that station.

(f) 'emoluments' means the emoluments as defined in Fundamental Rules 45-C but excluding the compensatory allowances.

Explanation : In the case of an officer who is under suspension the emoluments drawn by him on the first day of the allotment year in which he is placed under suspension, or if he is placed under suspension, on the first day of the allotment year, the emoluments drawn by him immediately before that date shall be taken as emoluments;

(g) 'family' means the wife or husband, as the case may be, and children, step-children, legally adopted children, parents, brothers or sisters who ordinarily reside with and are dependent on the officer;

(h) 'Government' means the Central Government unless the context otherwise requires;

(i) 'priority date' of an officer in relation to a type of residence to which he is eligible under provisions of S. R. 317 BB-5 means the earliest date from which he has been continuously drawing emoluments relevant of a particular type or a higher type in a post under the Central Government or State Government or on foreign service except for periods of leave;

Provided that in respect of type A B C D residence the date from which the officer has been continuously in service under the Central Government or State Government including the periods of foreign service shall be his priority date for that type;

Provided further that where the priority date of two or more officers is the same, seniority among them shall be determined by the amount of emoluments, the officer in receipt of higher emoluments taking precedence over the officer in receipt of lower emoluments; and where the emoluments are equal, by the length of service;

(j) 'licence fee' means the sum of money payable monthly in accordance with the provisions of the Fundamental Rules in respect of a residence allotted under these Rules;

(k) 'residence' means any residence for the time being under the administrative control of the divisional Officer;

(l) 'subletting' includes sharing of accommodation by an allottee with another person with or without payment of licence fee by such other person.

Explanation : Any sharing of accommodation by an allottee with close relations shall not be deemed to be subletting;

(m) 'temporary transfer' means a transfer which involves an absence for a period not exceeding four months;

(n) 'transfer' means a transfer from the station or post where the officer is working at any other station or any post at the station for which the accommodation in occupation of the officer is not intended and vice-versa;

(o) 'type' in relation to an officer means the type of residence to which he is eligible under Supplementary Rule 317 BB-5.

(p) "adjoining municipality" means any municipality contiguous to a local municipality ;

(q) 'house in relation to an officer or member of his family', means a building or part thereof used for residential purposes and situated within the jurisdiction of a local municipality or of any adjoining municipality.

Explanation : A building, part of which is used for residential purposes, shall be deemed to be a house for the purposes of this clause notwithstanding that any part of it is used for non-residential purposes;

(r) 'local municipality' in relation to an officer means the municipality within whose jurisdiction his office is located;

(s) 'member of family' in relation to house owning officer means the wife or husband, as the case may be, or dependent child of the officer;

(t) 'municipality', includes a municipal corporation, municipal committee or board, a town area committee, a notified area committee, and contonment board.

Application : S.R. 317 — — B B—3

These rules shall apply to the following categories of quarters :—

(1) quarters available at the disposal of Divisional Officers for allotment to staff employed in enquiry offices;

(2) quarters available at the disposal of divisional officers for allotment to staff employed on the maintenance of aerodromes;

(3) quarters available at the disposal of divisional officers to facilitate construction works;

(4) other quarters under the Central Public Works Department.

Allotment to Husband and Wife, S.R. 317. B.B—4

(1) No officer shall be allotted a residence under these rules if the wife or the husband, as the case may be, has already been allotted a residence, unless such residence is surrendered :

Provided that this sub-rule shall not apply where the husband and wife are residing separately in pursuance of an order of judirial separation made by any court.

(2) Where two officers in occupation of separate residences allotted under these rules marry each other, they shall within one month of the marriage surrender one of the residences.

(3) If a residence is not surrendered as required under sub-rule (2), the allotment o fthe residence of the lower type shall be deemed to have been cancelled on the expiry of such period, and if the residences are of the same type, the allotment of such one of them, as the Divisional Officer may decide, shall be deemed to have been cancelled on the expiry of such period.

(4) Notwithstanding anything contained in sub-rule (1) to (3),—

(a) If a wife or husband, as the case may be, who is an allottee of a residence under these rules, is subsequently allotted a residential accommodation at the same station from a pool to which these rules do not apply, she or he, as the case may be, shall surrender any one of the residences within one month of such allotment :

Provided that this clause shall not apply where the husband and wife are residing separately in pursuance of an order of judicial separation made by any court.

(b) Where two officers, in occupation of separate residences at the same station, one allotted under these rules and another from a pool to which these rules do not apply, marry each other, any one of them shall surrender any one of the residences within one month of such marriage.

(c) If a residence is not surrendered as required under clause (a) or clause (b), the allotment of the residence in the Central Public Works Department pool shall be deemed to have been cancelled on the expiry of such period.

Classification of Residences—S.R. 317 — B.B.5 —

Save as otherwise provided by these rules, an officer shall generally be eligible for allotment of a residence of the type shown in the table below :—

Type of residence.	Category of officer or his monthly emoluments as on the first day of the allotment year in which the allotment is made.
	A. Less than Rs. 260.
	B. less than Rs. 500 but not less than Rs. 260.
	C. Less than Rs. 1,000 but not less than Rs. 500.
	D. Less than Rs. 1500 but not less than Rs. 1,000.
	E. Rs. 1,500 and above

Applications for Allotment—S.R. 317 B.B.—6

(1) An officer who seeks allotment of a residence or the continuance of allotment of a residence which has been allotted to him should apply in that behalf to the divisional officer before the 15th December of the year preceding the year of allotment or when directed to do so by him and in such form and manner and by such date as may be prescribed by the divisional officer.

(2) In respect of the newly appointed officers or those coming on transfer, applications received before the 20th day of the calender month shall be considered for allotment in succeeding month.

Allotment of Residences and Officers—S.R. 317 BB—7

(1) Residences attached to an enquiry office of the Central Public Works Department, residences earmarked for Central Public Works Department staff at aerodromes and the construction sites shall be deemed to be reserved for the essential staff and will have to be vacated by occupant on his transfer, etc. as soon as his successor reports for duty or other person of his category is allotted that quarter in the interest of public service, notwithstanding the period of retention allowed under S.R. 317—BB-9. (The provision of Directorate of Estates O.M. No. 2/52/64-ACC.I dated the 20th of the March, 1965 shall regulate retention of such reserved accommodation)—

(a) Residences attached to enquiry offices : The regular and work-charged staff who are attached to an enquiry office or have jurisdiction over an enquiry office shall be eligible for allotment of residences attached to that enquiry office. The divisional officer will decide for the particular enquiry officer, the categories of staff out of the following categories for which one residence each of the entitled or lower type of accommodation may be earmarked :—

(i) Assisstant Engineer (Civil)
(ii) Junior Engineer (Electrical)
(iii) Assistant Engineer (Electrical)
(iv) Junior Engineer (Clvil)
(v) Sewerman or Sweeper
(vi) Lift Mechanic
(vii) Wireman or Assistant Wireman
(viii) Plumber or Assistant Plumber
(ix) Pump Operator or Assistant Pump Operator
(x) Khalasi or Beldar.

If more than one person of the selected categories of the staff are eligible for allotment of Government residence, the allotment shall be made to the person with the earliest priority date in that category. If any person offered an allotment in the aforesaid manner does not accept the allotment, the residence shall be offered to a person with the next

priority date in the same category. If any residences are available after meeting the priority requirements as decided by the divisional officer, they shall be allotted to other members of staff attached to the enquiry office or having jurisdiction over that enquiry office in accordance with their dates of priority.

(b) In the case of residences attached to aerodromes, the procedure for allotment shall be the same as per sub-para (a).

(c) The following categories of staff shall have preferance in the allotment of residences earmarked for construction staff :—

(i) Executive Engineer (Civil)
(ii) Executive Engineer (Electrical)
(iii) Assistant Engineer (Civil)
(iv) Assistant Engineer (Electrical)
(v) Junior Engineer (Civil)
(vi) Junior Engineer (Electrical)
(vii) Sub-Divisional Clerk.
(viii) Motor Lorry Driver.

(d) Persons who are allotted residences which are meant for essential staff as mentioned in sub-paras (a), (b) and (c) shall give a written undertaking that they will attend to emergency duty outside their normal working hours whenever called upon to do so. Failure to attend to emergency calls outside normal duty hours will involve randelation of the allotment of the Government accommodation.

(e) Notwithstanding other provisions, allotment may be cancelled without providing alternative accommodation if the allotting authority at any stage considers that the services of the allottee Government servant is not essential at the enquiry offices, working sites and acrodromes, or in the case of misconduct or negligence of duty on the part of the allottee.

(2) Save as otherwise provided in these rules, a residence on falling vacant, will be allotted by the divisional officer preferably to an applicant desiring a change of accommodation in that type under the provisions of S.R. 317-BB-5 and if not required for that purpose, to an applicant without accommodation in that type having the earilest priority date for that type of residence subject to the following conditions :—

(i) the divisional officer shall not allot a residence of a type higher than that to which the applicant is eligible under S.R. 317-BB-5.

(ii) the divisional officer shall not compel any applicant to accept a residence of a lower type than that to what he is eligible under S.R. 317-BB-5.

(iii) the divisional officer, on request from an applicant for allotment of a lower category residence, may allot to him a residence next below the type for which the applicant is eligible under S.R. 317-BB-5 on the basis of his priority date for the same.

(3) The divisional officer may even in case of non-reserved accommodation cancel the existing allotment of an officer and allot to him an alternative residence of the same type or in emergent circumstances an alternative residence of the type next below the type of residence in occupation of the officer if the residence in occupation of the officer is required to be vacated.

(4) A vacant residence may, in addition to allotment to an officer under sub-rule (1) be offered simultaneously to other eligible officers in order of their priority date, if it is apprehended that the allottee officer may not accept the allotment.

Non-acceptance of Allotment or Offer|or Failure to occupy the Allotted Residence after Acceptance—S.R. 317-BB.8.

(1) If any officer fails to accept the allotment of a residence within five days or fails to take possession of that residence after acceptance within eight days from the date or receipt of the letter of allotment he shall not be eligible for another allotment for period of one year from the date of the allotment letter.

(2) If an officer occupying a lower type of residence is allotted or offered a residence of the type for which he is eligible under S.R. 317-BB-5 or for which he has applied under S.R. 317-BB-6, he may, on refusal of the said allotment or offer of allotment be permitted to continue in the previously allotted residence on the following conditions, namely :—

(a) that such an officer shall not be eligible for another allotment for the remaining period of the allotment year in which he has declined the allotment or offer ;

(b) while retaining the existing residence he shall be charged the same licence fee which he would have had paid under F.R. 45-A in respect of the residence so allotted or offered or the licence fee payable in respect of the residence already in his occupation, whichever is higher.

Period for which Allotment subsists and the Concessional Period for further Retention—S.R. 317-BB-9.

(1) An allotment shall be effective from the date on which it is accepted by the officer and shall continue in force until,

(a) the expiry of the concessional period permissible under sub-clause (2) after the officer cases to be on duty in an eligible office of the Central Public Works Department ;

(b) it is cancelled by the divisional officer or is deemed to have been cancelled under any provision of these rules ;

(c) it is surrendered by the officer with due notice . or

(d) the officer ceases to occupy the residence.

(2) A residence allotted to an officer may subject to sub-rules (3) and (5) be retained on the happening of any of the events specified in column 1 of the Table below for the period specified in the corresponding entry in column 2 thereof provided that the residence is required for the bona fide use of the officer or members of his family.

TABLE

Events	Permissible period for retention of the residence
1	2
(i) Resignation, dismissal or removal from service termination of service or unauthorised absence without permission.	1 month.
(ii) Retirement or terminal leave.	2 months.
(iii) Death of the allottee	4 months.
(iv) Transfer to a place outside the city concerned.	2 months.
(v) Transfer to an office which is not eligible for accommodation under these rules.	2 months.
(vi) On proceeding on foreign service in India	2 months.
(vii) Temporary transfer in India or transfer to a place outside India.	4 months.
(viii) Leave (other than leave (a) preparatory to retirement, refused leave, terminal leave, medical leave or study leave).	For the period of leave but not exceeding 4 months.
(b) Maternity leave.	For the period of maternity leave plus the leave granted in continuation subject to maximum period of five months

1	2
(ix) leave preparatory to retirement or refused leave granted under F.R. 86 or earned leave granted to Government Servants, who retire under F.R. 56(j)	For the full period of leave on full average pay, subject to a maximum of 180 days in the case of leave preparatory to retirement and 4 months in other cases, inclusive of the period permissible in the case of retirement.
(x) Study leave in or outside India	(a) In case the officer is in occupation of accommodation below his entitlement, for the entire period of study leave. (b) In case the officer is in occupation of his entitled type accommodation, for the period of study leave but not exceeding six months : Provided that where the study leave extends beyond six months he may be allotted alternative accommodation, one type below his entitlement, on the expiry of six months or from the date of commencement of the study leave, if he so desires.
(xi) Deputation outside India.	For the period of deputation but not exceeding six months.
(xii) Leave on medical grounds	Full period of leave.
(xiii) On proceeding on training	For the full period of training.

Note : The above concessional period for retention of Government accommodation not available when any quarter has been earmarked for a specific post by the Government.

Explanation : The period permissible on transfer mentioned against items (iv) and (v) in the Table shall count from the date of relinquishing charge plus the period of leave, if any, sanctioned to and availed of by the officer before joining duty at the new office subject to a maximum limit provided under items (vi) or (ix) as the case may be of the Table.

(3) Where a residence is retained under sub-rule (2) the allotment shall be deemed to be cancelled on the expiry of the admissible concessional period unless immediately on the expiry thereof the officer resumes duty in an eligible office at that place.

(4) Where an officer is on medical leave without pay and allowances, he may retain his residence by virtue of the concession under item (xii) of the Table below sub-rule (2) :

Provided he remits the licence fee for such residence in cash every month and where he fails to remit such licence fee for more than two months the allotment shall stand cancelled.

(5) An officer who has retained the residence by virtue of the concession under item (i) or item (ii) of the Table below sub-rule (2) shall, on re-employment in an eligible office within the period specified in the said Table be entitled to retain that residence and he shall also be eligible for any further allotment of residence under these rules :

Provided that if the emoluments of the officer on such re-employment do not entitle him to the type of residence occupied by him; he shall apply for allotment of a lower type of residence.

6. Notwithstanding anything contained in sub-rule (2) or sub-rule (3) of sub-rule (4) of sub-rule (5) when an officer is dismissed or removed from service or when his services have been terminated and the Head of the Department in respect of the office in which such officer was employed immediately before such dismissal, removal or termination is satisfied that it is necessary or expedient in the public interest so to do, he may require the divisional officer to cancel the allotment of the residence made to such officer either forthwith or with effect from such date prior to the expiry of the period of one month referred to in item—(i) of the Table below sub-rule (2) as he may specify and the divisional officer shall act accordingly.

Vacation of Residence—S.R. 317-BB-10

(1) The vacant possession of the quarters shall be given by the allottee Government servant to Junior Engineer or to Assistant Engineer in case Junior Engineer himself is to hand over the vacant possession, concerned with the maintenance of those quarters within the period prescribed under these rules.

(2) When after an allotment has been cancelled or is deemed to be cancelled under any provision contained in these rules, the residence remains or has remained in occupation of the officer to whom it was allotted or of any person claiming through him, such officer shall be liable to pay damages for use and occupation of the residence equal to the panel licence fee as may be determined in accordance with the policy formulation approved by the Government.

Provisions relating to Licence Fee : S.R.—317-BB-11

(1) Where an allotment of accommodation or alternative accommodation has been accepted, the liability for licence fee shall commence from the date of occupation or the eighth day from the date of receipt of the allotment, whichever is earlier.

An officer who, after acceptance, fails to take possession of that accommodation within eight days from the date of receipt of the allotment letter, shall be charged licence fee from such date upto a period of 12 days.

(2) Where an officer, who is in occupation of a residence is allotted another residence and he occupies the new residence, the allotment of the former residence shall be deemed to be cancelled from the date of occupation of the new residence. He may however, retain the former residence without payment of licence fee for that day and the subsequent day for shifting.

(3) House owning officers or those who owns a house after allotment and are occupying Government accommodation shall pay licence fee as decided by the Government from time to time.

Personal Liability of the Officer for payment of Licence Fee till the residence is vacated and furnishing of security by temporary officers—S.R. 317-BB-12

(1) The officer to whom a residence has been allotted shall be personally liable for the licence fee thereof and for any damage beyond fair wear and tear caused thereto or to the furniture, fixtures or fittings or services provided therein by Government during the period for which the residence has been and remains allotted to him, or where the allotment has been cancelled under any of the provisions in these rules, until the residences along with the out-houses appurtenant thereto have been vacated and full vacant possession thereof has been restored to Government.

(2) Where the officer to whom a residence has been allotted is neither a permanent nor a quasi-permanent Government servant, he shall execute a security bond in the form prescribed in this behalf by the Central Government with a surety, who shall be a permanent Government servant serving under the Central Government for due payment of licence fee and other charges due from him in respect of such residences and services and any other residences and services and any other residence provided in lieu.

(3) If the surety ceases to be in Government service or becomes insolvent or withdraws his guarantee or ceases to be available for any other reason, the officer shall furnish a fresh bond executed by another surety within thirty days from the date of his acquiring knowledge of such event or fact; and if he fails to do so, the allotment of the residence to him shall, unless otherwise decided by the divisional officer be deemed to have been cancelled with effect from the date of that event.

Surrender of an Allotment and Period of Notice—S.R. 317-BB-13.

(1) An officer may at any time surrender an allotment by giving intimation so as to reach the divisional officer at least ten days before the date of vacation of the residence. The allotment of the residence shall be deemed to be cancelled with effect from the eleventh day after the day on which the letter is received by the divisional officer or the date specified in the letter, whichever is later. If he fails to give due notice, he shall be responsible for payment of licence fee for ten days or the number of days by which the notice given by him falls short often days, provided that the divisional offirer may accept a notice for a short period.

(2) An officer who surrenders the residence under sub-rule (1) shall not be considered again for allotment of Government accommodation at the same station for a period of one year from the date of such surrender.

Change of Residence—S.R. 317-BB-14.

(1) An officer to whom a residence has been allotted under these rules may apply for a change to another residence of the same type or a residence of the type to which he is eligible under S.R. 317-BB-5 whichever is lower. Not more than one change shall be allowed in respect of one type of residence allotted to the officer.

(2) All applications for change made in the form prescribed by the divisional officer and received upto the 19th day of a calendar month shall be included in the waiting list in the succeeding month. For purposes of this rule the officers whose names are included in the waiting list in an earlier month shall be senior en block to those whose names are included in subsequent months. The inter se seniority of the officers included in the list in any particular month shall be determined in the order of their priority dates.

(3) Changes shall be offered in order of seniority determined in accordance with sub-rule (2) and having regard to the officer's preference as far as possible :

Provided that no change of residence shall be allowed during a period of six months immediately preceding the date of superannuation.

(4) If an officer fails to accept a change of residence offered to him within five days of the issue of such offer or allotment, he shall not be considered again for a change of residence of that type.

(5) If an officer who after accepting a change of residence fails to take possession of the same he shall be charged licence fee for such residence in accordace with the provisions of sub-rule (1) of S.R. 317-BB-11 in addition to the normal licence fee under F.R. 45-A for the residence already in his possession, the allotment of which shall continue to subsist.

Change of Residence in the event of Death of a Member of the Family—S.R. 317-BB-15.

Notwithstanding anything contained in S.R. 317 BB-14 an officer may be allowed a change of residence on the death of any member of his family if he applies for a change within three months of such occurrence provided that the change will be given in the same type of residence and in the same floor as the residence already allotted to the officer.

Mutual Exchange of Residences—S.R. 317 BB-16.

Officers to whom residences of the same type have been allotted under these rules may apply for permission to mutually exchange their residences. Permission for mutual exchanges may be granted if both the officers are reasonably expected to be on duty at the same place and to reside in their mutually exchanged residences for at least six months from the date of approval of such exchange.

Transfer to Non-family Station—S.R. 317-BB-17.

If an officer is transferred to a station where he is not permitted or advised by Government to take his family with him and the residence allotted to him under these rules is required by the family for the bona fide educational needs of his children, he may be allowed on request to retain the residence on payment of the rent under F.R. 45-A till the end of current academic session of his children. However, this rule is not applicable in case of reserved accommodation where the orders of Directorate of Estates O.M. No. 2/52/64-Acc J dated the 20th March, 1965 will regulate retention of reserved accommodation.

Maintenance of Residences—S.R. 317-BB-18.

